चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 243, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 2 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पीएम मोदी ने रखी 13,500 करोड़ की परियोजनाओं की नींव, हैदराबाद-रायचूर के बीच रेल सेवा की शुरू

## तेलंगाना को पीएम मोदी की सौगात

**हैदराबाद**

**पीएम मोदी ने** तेलंगाना के महबूबनगर में 13500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हैदराबाद-रायचूर के बीच ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की। सीएम के चंद्रशेखर राव पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। सीएम केसीआर की जगह उनकी सरकार के मंत्री तालासानी श्रीनिवास यादव ने पीएम मोदी का स्वागत करेंगे और उनके आधिकारिक कार्यक्रम में शिरकत की। प्रधानमंत्री ने कई सड़क, रेल, पेट्रोलियम और नैचुरल गैस संबंधी परियोजनाओं की सौगात तेलंगाना को दी।

पीएम मोदी ने बीआरएस पर बोला था हमलाः पीएम मोदी दोपहर करीब सवा दो बजे तेलंगाना को महबूबनगर जिले पहुंचे। जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हैदराबाद-रायचूर-हैदराबाद रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेलंगाना की सत्तारूढ़ बीआरएस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लिखा कि तेलंगाना के लोग बीआरएस के कमजोर शासन से थक चुके हैं। साथ ही कांग्रेस को लेकर भी उनका भरोसा खत्म हो चुका है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि दोनों वंशवादी पार्टियां हैं, जिनका लक्ष्य जनता की सेवा करना नहीं है।

तीन अक्तूबर को फिर तेलंगाना का दौरा करेंगे पीएम मोदीः उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी तीन अक्तूबर को फिर से तेलंगाना के दौरे पर रहेंगे। तीन अक्तूबर को पीएम मोदी निजामाबाद का दौरा करेंगे। पीएम मोदी कर्नाटक के बीदर से निजामाबाद पहुंचेंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री फिर से हेलीकॉप्टर से बीदर जाएंगे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम मोदी महबूबनगर और निजामाबाद दोनों ही जगह लोगों को संबोधित भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने इसकी पुष्टि की। तेलंगाना में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में पीएम मोदी के तेलंगाना दौरों का काफी राजनीतिक महत्व भी है।



### व्यापार, टूरिज्म और इंडस्ट्री को भी काफी बढ़ावा मिलेगा

**पीएम ने** कहा कि नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर के जरिए तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में आवाजाही बहुत आसान होने वाली है। इसके कारण इन तीनों राज्यों में व्यापार, टूरिज्म और इंडस्ट्री को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।

गैस सिलेंडर के दाम भी कम किएः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, अब यह बढ़कर 32 करोड़ से ज्यादा हो गई है। हाल ही में हमने गैस सिलेंडर के दाम भी कम किए हैं।

### पीएम ने किया राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन का ऐलान

**तेलंगाना**

**हल्दी** किसानों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी तेलंगाना यात्रा के दौरान एक राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। पीएम मोदी ने राज्य के महबूबनगर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, "कोविड के बाद, हल्दी के बारे में जागरूकता बढ़ी है और वैश्विक मांग भी बढ़ी है। आज पेशेवर रूप से अधिक ध्यान देना और हल्दी के उत्पादन से लेकर निर्यात तक की मूल्य श्रृंखला में पहल करना महत्वपूर्ण है। हल्दी किसानों की आवश्यकता और भविष्य के अवसरों को देखते हुए, केंद्र ने एक राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड स्थापित करने का निर्णय लिया है।" ।

विदेशों में भी निर्यात हो रही हल्दीः भारत हल्दी का एक प्रमुख उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। खासतौर पर तेलंगाना के किसान भारी मात्रा में हल्दी का उत्पादन करते हैं। निजामाबाद, निर्मल और जगतियाल जिले हल्दी की विशाल खेती के लिए जाने जाते हैं। यहां से हल्दी की फिंगर और बल्ब किस्मों को घरेलू और वाणिज्यिक जरूरतों को पूरा करने के अलावा विदेशों में भी निर्यात किया जाता है। हल्दी के अलावा, चाय, कॉफी, मसाले, जूट, नारियल आदि के बोर्ड भी हैं। ये बोर्ड किसानों को उनकी अन्य जरूरतों को पूरा करने के अलावा उनकी उपज के विपणन में मदद करते हैं।

छठी बार पीएम के कार्यक्रम से केसीआर ने बनाई दूरी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

## विकसित राष्ट्र के लिए मजबूत सशस्त्र बल भी जरूरीः राजनाथ

**नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 276वें वार्षिक समारोह में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्पाद के बाजार को समझना भी आवश्यक है, इसलिए अनुसंधान और रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों को एक स्थायी समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने डीएडी को रक्षा वित्त का संरक्षक बताया और पारदर्शी एवं कुशल प्रणाली के माध्यम से देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को सराहा। राजनाथ सिंह ने कई डिजिटल पहल शुरू करने के साथ ही विभाग की दक्षता और कार्यप्रणाली बढ़ाने के लिए भी सुझाव दिए।



### 'एक बार फिर सीएम बनने के भ्रम में थे कुमारस्वामी'

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सरकार के पतन की भविष्यवाणी करने वाले बयान को लेकर जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी पर निशाना साध जा रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को अब पूर्व मुख्यमंत्री को "हताश" बताया है। उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी, जो 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद अपनी पार्टी के समर्थन से गठबंधन सरकार के सत्ता में आने की उम्मीद कर रहे थे, एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने के भ्रम में थे, अब उनका मोहभंग हो चुका है।

## पेंशन शंखनाद रैलीः सरकारी कर्मियों ने भरी हुंकार



**नई दिल्ली**

**पुरानी** पेंशन बहाली के लिए देशभर से आए लाखों कर्मियों ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुंकार भरी है। केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने 'पेंशन शंखनाद महारैली' में कहा, अगर सरकार अपनी जिद नहीं छोड़ती है तो 'वोट की चोट' के आधार पर 'पुरानी पेंशन' बहाल कराएंगे। सरकारी कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक साबित होगी। इस रैली में केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भाग लिया। हालांकि रैली का आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले हुआ है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन, कर्मियों का अधिकार है। वे इसे लेकर ही रहेंगे।

### रामलीला मैदान में कर्मचारियों की रैली में भूपेंद्र हुड्डा, संजय सिंह सहित कई नेता पहुंचे

दिल्ली का रामलीला मैदान, सरकारी कर्मियों से खचाखच भरा हुआ था।

दो-तीन दिन पहले ही दिल्ली पहुंचने लगे थे कर्मचारीः बता दें कि इस रैली की तैयारियां, करीब एक वर्ष से जा रही थी। कई राज्यों के कर्मचारी दो-तीन दिन पहले ही दिल्ली पहुंच गए थे। रेल, बस और दूसरे वाहनों में बैठकर कर्मचारी दिल्ली पहुंचे हैं। अनेक कर्मियों को रेल की तत्काल टिकट लेनी पड़ी। रविवार सुबह 11 बजे रामलीला मैदान पूरी तरह भर चुका था। रामलीला मैदान के चारों तरफ की सड़कों पर कर्मियों के जत्थे चल रहे थे। कर्मियों के द्वारा 'पेंशन' का नारा लगाया जा रहा था।



## पीएम ने लिया स्वच्छता अभियान में भाग

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पहलवान अंकित बैयनपुरिया के साथ रविवार को स्वच्छता अभियान में भाग लिया और सेहतमंद एवं खुशहाल रहने पर बातचीत की। उन्होंने एक्स पर इसका एक वीडियो जारी किया है। एक्स पर वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "आज जब देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, अंकित बैयनपुरिया और मैंने भी वही किया। केवल स्वच्छता के अलावा, हमने इसमें फिटनेस और खुशहाली को भी शामिल किया है। यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत की भावना के बारे में है।" वीडियो में अंकित के साथ प्रधानमंत्री एक पार्क में सफाई करते हुए देखे जा सकते हैं। इसमें वे अंकित से कहते हैं कि देश में स्वच्छता के प्रति लोगों में रुचि बढ़ रही है। साथ ही वे बताते हैं कि वे दो कामों में अनुशासन नहीं ला पा रहे हैं, एक खाना और दूसरा सोने के लिए समय देना। वे अंकित की प्रशंसा करते हैं कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को फिटनेस के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं अंकित प्रधानमंत्री से कहते हैं कि स्वस्थ वातावरण से हम भी स्वस्थ रहते हैं। वे अपने फोलोअर्स से 75 दिनों की चुनौती में पांच नियमों को अपनाने के लिए कहते हैं।

दिन में दो बार शारीरिक अभ्यास, 04 लीटर पानी, 10 पेज किसी किताब को पढ़ना और खान-पान की रुटीन के साथ प्रतिदिन एक सेल्फी लेना। अंकित हरियाणा के सोनीपत जिले के एक शहर बयांपुर के रहने वाले हैं। उनके सोशल मीडिया पर चार लाख से अधिक फोलोअर हैं। उनसे परिवार में पिता और मां मजदूरी करते हैं और उन्होंने भी जीवन-यापन के लिए कई तरह के काम किए हैं। वे कुश्ती करते थे लेकिन एक चोट के कारण उसे खेल को छोड़ना पड़ा। वे सोशल मीडिया पर फिटनेस के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने एंडी फ्रिसेल्ला के 75-दिन कठिन चैलेंज से प्रेरित होकर 75 दिन सख्ती से इसका पालन कर इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया। अंकित पहले भगवत गीता पढ़ते थे और वर्तमान में शिव पुराण पढ़ रहे हैं।

## नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख बने वाइस एडमिरल सोबती

**नई दिल्ली**

**वाइस** एडमिरल तरुण सोबती ने रविवार को नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। अधिकारियों ने कहा कि वह वाइस एडमिरल संजय महेंद्रू का स्थान लेंगे, जो 38 साल से अधिक की शानदार सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। वाइस एडमिरल तरुण सोबती 01 जुलाई 88 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे, वह नेविगेशन और डायरेक्शन विशेषज्ञ हैं। 35 सालों से ज्यादा के अपने सेवाकाल में, उन्होंने समुद्र और तट दोनों पर विभिन्न प्रकार की कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। फ्लैग ऑफिसर के रूप में उन्होंने मिसाइल बोट आईएनएस निशंक, मिसाइल कार्वेट आईएनएस कोरा और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस कोलकाता की कमान संभाली है। अपने स्टाफ कार्यकाल में उन्होंने कार्मिक आवश्यकता निदेशालय और कार्मिक निदेशालय में तथा मॉस्को में भारतीय दूतावास में नौसेना अटैशे के रूप में कार्य किया है। 2019 में रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पाने के बाद, उन्हें भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में उप कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया और बाद में पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में नियुक्त किया गया। 2021 में वाइस एडमिरल के पद पर पदोन्नत होने पर, उन्होंने एनएचक्यू रक्षा मंत्रालय में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में वर्तमान नियुक्ति संभालने से पहले महानिदेशक प्रोजेक्ट सीबर्ड का पदभार संभाला। फ्लैग ऑफिसर को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा 2020 में विशिष्ट सेवा पदक और 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।



## 209 रुपये बढ़ाए कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम

**नई दिल्ली**

**तेल** विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 209 रुपये की वृद्धि कर दी है। ये कीमतें रविवार से प्रभावी होंगी। कीमतों में इस वृद्धि से 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर नई दिल्ली में 1,731.50 रुपये का मिलेगा।

पिछले में 158 रुपये की गई थी कटौतीः एक महीने पहले ही तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कमी की थी जो एक सितंबर से प्रभावी हुई थी। इसके बाद दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,522 रुपये का हो गया था। यही नहीं, अगस्त में केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 200 रुपये की कमी की थी।



बता दें कि वाणिज्यिक और घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों की समीक्षा हर महीने के पहले दिन की जाती है। इससे पहले अगस्त में भी वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कमी की गई थी।

## 'कनाडा में जो हो रहा है, उसे सामान्य घटना मत बनाइये'

**नई दिल्ली**

**अमेरिका** दौरे के अंतिम चरण में शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर कनाडा सरकार को ठोस संदेश दिया कि उसे भारत की भौगोलिक अखंडता के खिलाफ काम करने वाले उग्रवादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इस मुद्दे पर भारत को सलाह देने वाले देशों की तरफ इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जिस तरह से भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा हुई है और उन्हें धमकी दी गई है, वैसा किसी दूसरे देश के राजनयिकों के साथ होता तो क्या इसी तरह का रवैया अपनाया जाता। उन्होंने कहा, हमारे मिशन पर बम फेंके गए। वाणिज्य दूतावासों के सामने हिंसा हुई और पोस्टर लगाए गए। क्या आप इसे सामान्य मानते हैं? कनाडा में जो हो रहा है, उसे सामान्य घटना मत बनाइये। विदेश मंत्री ने कहा,कुछ वर्षों से कनाडा सरकार के साथ हमारी समस्या चल रही है। वर्तमान समस्या वास्तव में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा की अनुमति के इर्द-गिर्द घूमती है। यह अनुमति इस तथ्य से भी झलकती है कि कुछ महत्वपूर्ण प्रत्यर्पण अनुरोधों का कनाडा की ओर से जवाब नहीं दिया गया है। जयशंकर ने साफ किया कि कनाडा के साथ बातचीत करने की संभावना अभी खत्म नहीं हुई है। पिछले तीन दिनों के दौरान विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा में कनाडा का मुद्दा छाया रहा है। एक दिन पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भी कनाडा सरकार की तरफ से भारतीय एजेंसियों पर लगाए गए हत्या के आरोप का मुद्दा उठा था। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में जयशंकर ने कनाडा पर आरोप लगाए थे कि वह आतंकवादियों और चरमपंथियों को प्रश्रय देता है। प्रेस कान्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा कि अगर कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कोई सूचना देती है तो भारत उस पर गौर करेगा। जिस घटना का जिक्र (निज्जर हत्या) किया जा रहा है, उसके बारे में दोनों देशों की सरकारें बात करेंगी और देखेंगी ।




### मुख्यमंत्री ने सीतापुर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और जनसभा को किया संबोधित

## सीतापुर को सीएम योगी ने दी 550 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**सीतापुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां महर्षि वेद व्यास धाम के समीप नैमिषारण्य में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सीतापुर के विकास के लिए 550 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। इसके अंतर्गत 91 करोड़ की 29 परियोजनाओं का लोकार्पण और 460 करोड़ की 45 परियोजनाओं का शिलान्यास सीएम के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्मयंत्री ने सभी से सीतापुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि जितने भी स्वच्छताग्राही हैं इनको न्यूनतम वेतन की गारंटी सरकार देगी। इसके लिए कमेटी गठित की गई है, उसकी रिपोर्ट को सरकार लागू करेगी।



आजादी के बाद से इस पवित्र भूमि की उपेक्षा की गईः अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तीर्थ की महिमा का गान संत तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस में किया है, वहां आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियों के खिलाफ महर्षि दधीचि के त्याग और बलिदान की इस भूमि पर सूत जी ने शौनक आदि 88 हजार ऋषि-मुनियों को पुराण की कथा सुनाकर, भारत की ज्ञान परंपरा को धरोहर के रूप में आने वाली पीढ़ी को देने के लिए लिपिबद्ध करने के कार्य को आगे बढ़ाया था। मगर आजादी के बाद से इस पवित्र भूमि की उपेक्षा ही की गई। महर्षि वेद व्यास का आश्रम हो या यहां के अन्य पवित्र तीर्थों की सदैव उपेक्षा की गई। यहां जैसा विकास होना चाहिए था वो नहीं हुआ।

## चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर कल होगी

**नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय तेदेपा नेता एन. चंद्रबाबू नायडू की उस याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा, जिसमें आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। दरअसल, उच्च न्यायालय ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले के मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की याचिका खारिज कर दी थी।

शीर्ष अदालत ने कहा था- नई पीठ करेगी मामले पर सुनवाईः न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ इस याचिका पर तीन अक्तूबर को सुनवाई करेगी। इससे पहले, 27 सितंबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह निचली अदालतो नायडू की पुलिस हिरासत की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से नहीं रोकेगी, क्योंकि उसने घोषणा की है कि प्राथमिकी को रद्द करने के लिए एक नई पीठ उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी।



# अनियंत्रित ट्रक ने 50 भेड़ों को रौंदा, चक्का जाम

## एसडीएम मेजा द्वारा मुआवजा दिलाये जाने के अश्वासन पर माने ग्रामीण





अखंड भारत संदेश

**मेजा/प्रयागराज।** क्षेत्र के बंधवा गांव में रविवार को भोर करीब चार बजे अनियंत्रित ट्रक ने सड़क के किनारे से जा रही पचास भेड़ों को कुचल दियाएजिससे सभी की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मेजारोड .भटौती मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर उपजिलाधिकारी मेजा अमित कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में जुटे गए। लेकिन ग्रामीण क्रशर प्लांट वालों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने एसडीएम द्वारा मुआवजा दिलाने के अश्वासन पर चक्का जाम खत्म किया।बता दें कि रविवार सुबह यानी आज बंधवा गांव निवासी भेड़ पालक महेंद्र पाल पुत्र रमेश पाल अपनी भेड़ों को चारा पानी देने के लिए सड़क के किनारे से ले जा रहा था कि अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। जिससे मौके पर पचास भेड़ों की मौत हो गई। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्हें समझाने का प्रयास किया गयाएफिर भी चक्का जाम कर दिया। मौके पर थानाध्यक्ष राजेश उपाध्यायए चौकी प्रभारी मेजारोड विकास कुमार सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।

## स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए अवश्यकः डॉ गिरीश

**झूंसी।** आशुतोष मेमोरियल स्कूलए धनैचा. मलखानपुर में बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताते हुए संस्था के निदेशक डॉण गिरीश कुमार पांडे ने कहा साफ.सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। स्वच्छता इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे हम जीवन में आने वाली परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। गंदगी हमारे आस पास के पर्यावरण और जीवन को प्रभावित करती है स सफाई रखने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वही स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए अवश्यक भी है स इसे हमे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर समन्वयक अदिति सिंह ने बच्चों को बताया कि गंदगी से कई तरह. तरह की बिमारियां पैदा होती हैं जो हमारे विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। स्वच्छता बनाए रखने के लिए हमें यहां.वहां कचरा नहीं फेंकना चाहिएए इसे कूड़ेदान में ही फेंकना चाहिएए प्लास्टिक का इस्तेमाल जितना हो सके उतना कम करना चाहिए तथा प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैलों का उपयोग करना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए। बच्चों ने इस अभियान में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और इन आदर्शों पर चलने की प्रतिज्ञा भी ली।

# सीएचसी मेजा में लगा स्वास्थ्य मेला, 842 मरीजों का हुआ उपचार

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** आयुष्मान भव के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में आयुष्मान स्वास्थ्य मेला लगाया गया। स्वास्थ्य मेले का उदघाटन मुख्य अथिति सांसद डाण्रीता बहुगुणा जोशी द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेले में 842 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और दवाइयां वितरित की गई।। मुख्य अतिथि ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य लाभ व जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से समय रहते उन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

वहीं सीएचसी प्रभारी डाण ओमप्रकाश ने कहा कि मेले के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। जिससे सभी लोग योजनाओं का लाभ ले सके। मेले में सामान्य चिकित्साए मातृ स्वास्थ्यए बाल स्वास्थ्यए टीकाकरणए परिवार नियोजन परामर्शए मोतियाबिद की जांचए आंखए कानए नाक एवं गलेए दंत चिकित्सा जांचए त्वचा की जांचए पोषण के लिए परामर्शए एड्स नियंत्रण के लिए परामर्शए कुष्ठ नियंत्रणए टीबी नियंत्रणए मलेरियाए एक्स रे और आंखों की जांच सुविधा उपलब्ध रही। मेले के आयोजन में जिले से आये विभिन्न विभागों से विशेषज्ञों की टीम में मानसिक से डाणअभिनव टंडनए सर्जरी से डाणअखिलेश कुमारए नेत्र रोग से डाणशंभू शरण सिन्हाए बालरोग से डाणशाहिद सिद्दीकीए त्वचा रोग से डाणपल्लवी सिंहएप्रसूति स्त्री रोग से डाण निकिताए मेडीसीन से डाण मनोज कुमारए अस्थि रोग से डाणमनीष शुक्लाए नाक कान गला से डाण शिवेंद्र सिंह और कैंसर सर्जरी से डाणवी एम सिंघल आदि ने परीक्षण कर परामर्श दिये और दवाइयाँ दी।

मेजा अस्पताल से डा. समीम अहमद, डा. बब्लू सोनकर, डा. शाश्वत सिंह, सुरेश सोनकर, एल टी, दीपू त्रिपाठी, वृजेश यादव समस्त स्टॉफ नर्सए नर्स और आशा मौजूद रहीं। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, मंडल अध्यक्ष कोहड़ार गोविंद मिश्र, मंडल अध्यक्ष मेजा कामेश्वर पटेल, अमरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता

# 35 स्कूलों के 530 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** प्रयास शिक्षण संस्थान के बैनर तले रविवार को हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में यमुनापार के 35 विद्यालयों के 530 छात्र.छात्राओं ने सहभागिता की। देवपत्ती बालिका इंटर कालेज में आयोजित परीक्षा के दौरान बच्चोंको प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलने वाली ओएमआर शीट की भी जानकारी दी गई।

प्रयास शिक्षण संस्थान के बैनर तले आयोजित इस परीक्षा का यह पांचवां वर्ष था। इस प्रतियोगित का उद्देश्य बच्चों के अंदर हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और लगाव पैदा करना और हिंदी भाषा को मातृभाषा के साथ.साथ राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना है। इस प्रतियोगिता में बैठने वाले बच्चे आगे की परीक्षाओं के लिए तैयार होंगेए उन्हें प्रतियोगिताओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैंए इसका भी ज्ञान होगा। इस प्रतियोगिता में शंकरगढ़ क्षेत्र के लगभग 35 विद्यालयों ने भाग लियाए जिसमें राजा कमलाकर इंटर कॉलेजए रानी देवयानी पब्लिक स्कूलए रणजीत पंडित इंटर कालेज लोहगराए शिक्षा निकेतन रानीगंजए नवोदय शिक्षा केंद्रए कैंब्रिज स्कूलए चिल्ड्रन स्कूलए पत्ती देवी बालिका विद्यालय इंटर कॉलेजए जेनिथ मॉडल पब्लिक स्कूलए नरेश इंटरनेशनल स्कूलए एपीएम पब्लिक स्कूलए मिनी पैराडाइजए केदारनाथ विद्या मंदिरए महर्षि दयानंद शिक्षा निकेतनए सरस्वती शिशु मंदिर शंकरगढ़ए राजकीय बालिका इंटर कॉलेजए दुबई सिंह प्राथमिक पाठशालाए कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ए कृषक इंटर कॉलेज कसौटाए रामदेव पूर्व माध्यमिक विद्यालय करिया खुर्दए सेंट मैरी पब्लिक स्कूल घूरपुर आदि के बच्चे शामिल हुए। परीक्षा को संपन्न करवाने में परीक्षा निर्देशक पूजा केसरवानी, परीक्षा प्रभारी दीपक केसरवानी नीर, हर्षिता सिंह, सुप्रिया, प्रशांत हिमांशु, राहुल, मनोज, विनोद, रितिक, विनोद पाल, प्रमोद जायसवाल, नंदिनी केसरवानी, रागिनी साहू, शानू केसरवानी, चंद्रदीप विश्वकर्मा, मुस्कान आदि कक्ष निरीक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।

## निःशुल्क कैंप में 180 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सहसों।** फार्मासिस्ट वेलफेयर फाउंडेशन प्रयागराज के द्वारा सहसों बाईपास पर रविवार को विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सिग्मा पैथ लैब द्वारा पूर्व रेजिडेंट स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के डॉ पी के सिंह की निगरानी में मरीजों का शुगरए ब्लड प्रेशरए एवं हार्ट आदि का निःशुल्क जांच किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट वेलफेयर फाउंडेशन के चिकित्सक डॉ पीके सिंह एमडीए डॉ प्रमोद पाल नेत्र विशेषज्ञए डॉ उमेश कुमार नाक कान गला सहायक की टीम द्वारा कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित सलाह एवं जागरुक करते हुए दवा का वितरण किया। कैंप में आए हुए 180 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच किया गया। इस अवसर पर युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी सहसों के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी ने कैंप में आए हुए मानव सेवा हेतु चिकित्सक दल एवं मरीजों का स्वागत अभिनंदन करते हुए आभार प्रकट किया।

# पुलिस मुठभेड़ में चेन लुटेरे के पैर में लगी गोली

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पुलिस व बदमाश के बीच रविवार को तड़के चमनगंज चौकी क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जबाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि घायल बंदमाश पर कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। झूंसी में चेन छिनैती की वारदात में वांछित था। शिवकुटी थाना क्षेत्र का निवासी विजय सरोज लूट के कई मुकदमों में वांछित चल रहा था।



उसके खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जन भर से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। रविवार को भोर में झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह को सूचना मिली की महिलाओ से चेन छिनैती करने वाला बदमाश झूंसी में है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसको गिरफ्तार करने का प्रयास किया। तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया पुलिस जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी जिसे सारे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि विजय सरोज ने ही कुछ दिन पहले डाकघर के पास पूर्व प्रधान की पत्नी से चेन छिनैती की घटना को अंजाम दिया था। मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार विजय सरोज के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचाए एक जिंदा कारतूसए खोखाए बाइकए लूट की चेन के साथ नगदी भी बरामद हुई है। मुठभेड़ में शामिल रहे। चेन स्नैचर से हुई मुठभेड़ में थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह के साथ चौकी इंचार्ज चमनगंज योगेंद्र सिंहए छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंहए सिपाही पारश यादवए अशोक कुमार यादवए सागरए अभिषेक सिंह शामिल रहे।

## चेकडैम में डूबने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**कोरांव/प्रयागराज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में चेकडैम में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने विक्षिप्त युवक का शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी अभयराज ;24द्ध पुत्र हरिश्चंद्र जो की मानसिक रूप से विक्षिप्त था और जिसका 4 सालों से दिमाग का इलाज चल रहा था ।रविवार दोपहर करीब 2रू00 बजे के आसपास अभयराज घूमते फिरते हुए खजूरी व गोबरी ग्राम पंचायत के बीच बहने वाली पहाड़ी नाले पर चेकडैम बना हुआ है। जिसमें वह पानी पीने के लिए या फिर वह कसे चेकडैम में गिर गया होगा जिससे व डूबने लगा उसे डूबता देख पास में पशु को चरा रहे चरवाहे आवाज लगाने लगे जब तक ग्रामीण आते और अभयराज को नाले से बाहर निकालते उसकी मौत हो गई थी ।अभय राज दो भाइयों में बड़ा था युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची कोराव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## वार्ड नंबर 20 में प्रधानमंत्री के आवाहन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरक मार्गदर्शक दर्शन में आज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ में उपस्थित पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वच्छता अभियान चलाया गया जैसे कि नैनी बाजार हनुमान नगर कई ऐसे स्थान में अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप सेए घनश्याम जायसवालए सुरेश तिवारीए राजेश तिवारीए अजीत त्रिपाठीए मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानीए जय किशन तिवारीए सुजीत जायसवालए गुड्डु गुडविल गेराजए धर्मराज पटेलए आदि लोग उपस्थित रहे।

## कचरा मुक्त भारत की परिकल्पना में प्रधान ने श्रमदान किया

अखंड भारत संदेश

**करछना/प्रयागराज।** ग्राम पंचायत बरदहा अमृत सरोवर पर बृजेश मौर्या के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्कचरा मुक्त भारतष् की परिकल्पना को साकार रूप देने के क्रम में आज 01 घण्टे के स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम मे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मौर्या के अथक प्रयास से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। बृजेश मौर्या ने कहा ष्श्रमदान हम सभी का नागरिक कर्तव्य है। हमारा गाँव स्वच्छ होए हम सभी स्वस्थ रहेंए इसके लिए हमें स्वच्छता को अपनी आदत बनाना होगा। उन्होने कहा की ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेंगी और राष्ट्रपिता बापू के ष ग्राम स्वराजष अभियान के स्वप्न को पूरा कर रहे मा० मुख्यमंत्री जी को अधिक बल मिलेगा।

### नैनी जंक्शन पर रेलवे अधिकारियों ने एसपीओ टीम के साथ मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

**नैनी।** नैनी जंक्शन पर रेलवे को स्वच्छ रखने और आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के लिए रेलवे की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एसणएसण नैनी विश्वजीत कुमार सीणएमणआईण नैनी ओमप्रकाश सीणआईण्टीण नैनी केणबीण कला एसण एसण ईण वर्क नैनी जयप्रकाश के नेतृत्व में नैनी जंक्शन एवं रेलवे कॉलोनियो में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में अधिकारियों और रेलवे स्टाफ के साथ विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के नेतृत्व में एसपीओ टीम ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान रामजी जायसवाल, समीर खान, सुशील कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, विवेक पाल, आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर स्वक्षांजलि कार्यक्रम को किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**जारी/प्रयागराज।** प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया है इसके उपलक्ष्य में रविवार को स्वक्षांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत कौंधियारा के सड़वा में संस्कृति सृजन एकेडमी के अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा खंड विकास अधिकारी जसराए सहायक विकास अधिकारी पंचायत जसराए अधीक्षक सीएचसी जसराए एवं भाजपा जिला मंत्री यमुना पार के संयुक्त कार्यक्रम में खंड विकास कार्यालय जसरा एवं सीएचसी जसरा की साफ सफाई की गई एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रमांजलि दी गई।विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता सिंघल ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर स्वक्षांजलि कार्यक्रम के लिए रवाना किया । कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्रबंधक डॉ बी बी अग्रवाल एवं जिज्ञास अग्रवाल के आशीर्वचनों से हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम अवनीश प्रभंजन त्रिपाठी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सचिन शाही, शशांक शुक्ला, अदनान अहमद सिद्दीकीए, गरिमा, प्रियंका श्रीवास्तव, अनन्या, अवनीश अंकित शुक्ला उपस्थिति रहे।

# झाड़ू लगा कर ली स्वच्छता की शपथ





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** छतनाग घाट वह हवेलियां मे स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगो को जागरूक किया गया। पार्षद शिव नारायन यादव, पार्षद गुलफरोज अहमद जोन 8 सहायक नगर आयुक्त अखिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में घाट की साफ सफाई की गई।

इस दौरान में उपस्थित विद्यालय के बच्चों के साथ ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता कार्यक्रम में प्रवीन सिंह, विजय प्रकाश त्रिपाठी, सुपरवाइजर शैलेन्द्र त्रिपाठी, अनिल यादव, अजीत यादव, कृष्ण कुमार सरोज के द्धारा लोगो को बताया गया की घर का कचरा दुकान का कचरा डीटीडीसी की ही गाड़ी में दे।

# स्वच्छता से मनुष्य का मानसिक और शारीरिक विकास होता है : डा स्वतंत्र मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस पास हमेशा साफ सफाई रखना चाहिए क्योंकि स्वच्छता से ही मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उक्त बातें दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक प्रिंसिपल श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर स्कूल में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान श्रमदान देती हुई कहीं।



इस अंवसर पर उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा अन्य स्टाफ के लोगो का आह्वान करते हुए कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे आज के स्वच्छता कार्यक्रम को हर रोज चलाने की आवश्यकता है।स्वच्छता अभियान को हम सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए संकल्पित होना चाहिए आज पूरे देश में स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा श्रमदान अभियान गांधी जी के सच्ची श्रद्धांजलि है। गौरतलब है कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर उक्त स्कूल के शिक्षकों छात्र छात्राओं के अलावा ग्रुप के सभी कर्मचारी स्कूल वाहन के चालकों ने इस महाभियान का हिस्सा बनकर अपने पास पड़ोस तथा स्कूल को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए एक घंटे का श्रमदान दिया इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अरविंद यादव प्रशांत सिंह की अहम भागीदारी की विद्यालय प्रबंधन तंत्र ने प्रशंसा किया साथ ही साथ स्कूल के सभी शिक्षार्थियों को साफ सफाई के लिए जागरूक किया गया।

# खजुरौल प्रधान समेत छः लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

## सोमवार को थाने का प्रधान संघ समेत ग्रामीण करेंगे घेराव

अखंड भारत संदेश

**करछना/प्रयागराज।** करछना तहसील क्षेत्र के गंगा नदी के तट पर स्थित राजस्व गांव खजुरौल समेत आधा दर्जन से अधिक गांवो में चार हजार बीघे से अधिक सरकारी जमीन पर दबंगो द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत तहसील प्रशासन

से प्रधान खजुरौल संदीप यादव समेत ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कर उपजिलाधिकारी करछना राजेश श्रीवास्तव को लिखित तहरीर देकर सरकारी जमीन खाली कराने को लेकर कार्यवाही की मांग किया था जिसमे अभी राजस्व टीम द्वारा कोई भी कार्यवाही ? नहीं की गईए बजाय करछना थाने में सरकारी जमीन को कब्जाकर उसमे खेती करने वाले धर्मेंद्र निषाद पुत्र जिग्गर की तहरीर पर प्रधान खजुरौल संदीप यादव पुत्र सुरेश यादवएदरोगा पुत्र फूलचंद्र यादवएशैलेश मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्राएराजू मिश्रा पुत्र नर्मदेश्वर मिश्राएसुनील यादव पुत्र लालचन्द्र यादवएमुलायम यादव पुत्र मदन यादव समेत आठ.दस अज्ञात लोगों के खिलाफ मड़हे में आगजनी करनेएबोई गयी साग सब्जी उखाड़कर नष्ट करने और तार मशीन तोड़ने के साथ गाली गलौज व मारपीट के मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।जिसकी जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान संदीप यादव ने प्रधान संघ करछना के अध्यक्ष व पदाधिकारियो को अवगत कराया।जिस पर प्रधानसंघ द्वारा आक्रोशित होकर सोमवार को करछना थाने का घेराव करने को कहा है।जिसमे बड़ी संख्या में तरहार क्षेत्र के ग्रामीण भी शामिल होंगे।

## खण्ड शिक्षा अधिकार विमलेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में स्वच्छांजलि

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** खंड शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार के निर्देश पर वृद्ध दिवस कार्यक्रमए कंपोजित विद्यालय मरखामऊ में मनाते हुए दो घंटे का श्रमदान किया गया।



श्रम दान कार्यक्रम का शुरूआत एआरपी लाल चंद्र वर्मा द्वारा किया गया। जिसमें जगत लाल भारतीयए प्रदीप कुमार यादव, ग्राम प्रधान जमील उद्दीन, प्रधानाध्यापक प्रतिमा श्रीवास्तव, दिनेश पटेल बीआरसी एवं तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।

# महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर चंद्रशेखर आजाद पार्क में स्वच्छता के प्रति महापौर ने दिलाई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2023 के अन्तर्गतए महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि के रूप में 1 अक्टूबर 23 को प्रातः 10 बजे से अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में 1 घण्टे स्वच्छता के लिए श्रमदान करें कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता रैली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर उमेष चन्द्र गणेष केसरवानीए सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोषीए सांसद श्रीमती केषरी देवी पटेलए विधायक हर्शवर्धन वाजपेईए सदस्य विधान परिशद डा0 के0पी0 श्रीवास्तवए सदस्य विधान परिशद सुरेन्द्र चौधरीए सासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव एम0 देवराजए नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्गए समस्त अपर नगर आयुक्तए नगर निगम प्रयागराज के समस्त अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगणए समाज सेवी संस्थाएए एन0सी0सी0 कैडेट



एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समस्त सांसदए विधायक एवं महापौर द्वारा आज सम्पूर्ण प्रदेष में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 घण्टे स्वच्छता के लिए श्रमदान करें के सम्बन्ध में प्रत्येक जनमानस से अवष्य रूप से श्रमदान करते हुए साफ.सफाई किये जाने हेतु अपील की गयी एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपायोग नही किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। महापौर द्वारा उपस्थित नगर वासियोंए सम्भ्रान्त नागरिको एवं अन्य सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से इस जन आन्दोलन में नगर के नागरिकों एवं संस्थाओं को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया गया। सांसदए विधायकए विधान परिशद सदस्य द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरूकता हेतु प्लाग रन हेतु आयोजित रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्लाग रन के दौरान समस्त जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा षहीद चन्द्रषेखर आजाद पार्क से बालसन चौराहे तक स्वंय सड़क एवं गलियों में कचरे के सफाई का कार्य किया गया। 1 घण्टे स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम हेतु नगर निगम के समस्त वार्डो में जनमानस के सहयोग से श्रमदान करते हुए साफ.सफाई का कार्य कराया गया। साफ.सफाई के कार्य हेतु 604 स्थल चयनित किये गये थे जिसका फाटोग्राफ केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय द्वारा निर्मित पोर्टल पर अपलोड कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में नगर आयुक्तए नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्वच्छता जैसे पुनीत कार्य में प्रत्येक नगर वासियों से सहयोग प्रदान किये जाने हेतु अपील की गयी जिससे प्रयागराज को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त हो सके।

# स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वच्छता ही सेवा के अवसर पर आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंर्तगत नागवासुकी मंदिर दारागंज पर जन जागरूकता और स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया स कार्यक्रम में जिला गंगा समिति एगंगा टास्क फोर्सए नगर निगमए भारतीय वन्य जीव संस्थान प्रयागराज के अधिकारी व कार्यक्रताओ द्वारा गंगा तट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम अयोजित किया गया स कार्यक्रम मे प्रभागीय निदेशक महावीर कौजालगीए लेफ्टेनंट कर्नल सुशील गुहानीए जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंहए जोनल अधिकारी संजय ममगाई एउप निदेशक संगीताए उप निदेशक कुंज मोहन वर्माए उप निदेशक एस पी राम कृष्णा एकृष्णा कुमार मौर्य जेआरएफ श्वेता आदि मौजूद रहें स कार्यक्रम में महावीर कौजलगी ने कहा स्वच्छता के प्रति यह एक अच्छा सराहनीय कदम है। प्रकृति में संतुलन और आसपास के



वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़.पौधे लगाना बहुत ही आवश्यक है स लेफ्टेनंट कर्नल सुशील गुहानी साफ.सफाई के लिए सभी को प्रेरित किया ।संजय मुमगोई ने नगर निगम द्वारा स्वच्छता के कार्यों पर चर्चा करी। जिला परियोजना अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगो से आग्रह किया की गंगा घाट में कूड़ा व प्लास्टिक बैग का प्रयोग ना करें सअंत में सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई और नदी को प्रदूषण मुक्त कराने हेतु सभी प्रेरित किया सगंगा तट से पालीथीन कचराए पुराने माला.फूलए तस्वीरों को निकालकर उसे नगर निगम प्रयागराज द्वारा निस्तारित कराया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के टीम एनगर निगम ए भारतीय वन्यजीव संस्थान टीम मौजूद रही।

# विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पेड़ के नीचे गरीबों को दे रहे शिक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हरे राम सेवा संस्थान के तत्वावधान में बैक टू गुरुकुल पाठशाला सेवा योजना का प्रारम्भ सीएमपी डिग्री कॉलेज के डॉण अनंत सिंह और उनकी टीम ने किया। यह संस्थान फाफामऊ क्रासिंगए संगमए मंफोर्डगंज में पेड़ के नीचे एव अन्य स्थानों पर गुरुकुल पाठशाला सेवा योजना चलवा रही है।

उत्तरप्रदेश के वाराणसीए गाजीपुरए सोनभद्रए चंदौलीएमुगलसराय एव अन्य राज्यों जैसे बिहार एझारखंड में भी गुरुकुल पाठशाला खोलने की तैयारी चल रही है। हमारी आंखों के सामने वंचित वर्ग के बच्चों की कई तस्वीरें हैंए जिनमें बच्चे बाल मजदूरी करते हुए दिखते है। आर्थिक समस्याओं से जूझते बच्चे अपनी पारिवारिक स्थिति से जीत नहीं पाते और पढ़ाई छोड़ देते हैं। या पैसे के चलते प्रतियोगी परीक्षाओं से दूरी बना लेते हैं। ऐसे गरीब मेधावीए वंचित वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमाह लाखों की सैलरी पाने वाले गुरूजी खाली वक्त में उनके बीच दिख रहे हैं। जी हांए बाजारवाद के मौजूदा दौर में जब अधिकांश लोग पैसे के पीछे भाग रहे हैं ऐसे वक्त में इलाहाबाद विश्वविद्यालय और इसके एक संघटक महाविद्यालय के शिक्षक शहर से बाहर गरीब प्रतियोगी व मेधावी छात्र.छात्राओं को पेड के नीचे गुरुकुल पाठशाला खोलकर निरूशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। गुरुकुल में वेदए धर्मशास्त्रए ज्योतिष व कर्मकांड के ज्ञान भी प्रदान किए जा रहे हैं। सीएमपी डिग्री कॉलेज के सामाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉण आनंत सिंह ने अपने टीम सदस्यों के साथ गुरुकुल पाठशाला का शुभारंभ की है। वर्तमान में



प्रतियोगी छात्र काफी संख्या में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

डॉ. आनंत सिंह बताते हैं कि बैक टू गुरुकुल अभियान का उद्देश्य मुख्य रूप से छात्रों को प्राकृतिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करना है व सनातन संस्कृति का बोध कराना हैए जहां शिष्य एक.दूसरे के साथ भाईचारेए मानवताए प्रेम और अनुशासन के साथ रहते हैं। शिक्षा के साथ साथ योगए ध्यानए मंत्र जपए कलाए खेलए शिल्पए गायन आदि पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिससे उनमें बौद्धिक और आलोचनात्मक सोच विकसित हो सके और उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

डॉ. आनंत ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पूर्णतया निःशुल्क है परंतु गुरुदक्षिणा परंपरा का पालन करते हुए हम अपने शिक्षार्थियों से दक्षिणा के नाम पर एक वचन लेते हैं की वे सदैव अपने समाजए राष्ट्र और मानवता के प्रति सच्ची श्रद्धाए सेवा व समर्पण का भाव रखेंगे। डॉणआनंत सिंह ने बताया कि पहला गुरुकुल पाठशाला का शुभारंभ फाफामऊ के क्रांसिंग के पास और संगम तथा मंफोर्डगंज में किया गया है। इस प्रकार की पाठशाला पूरे देश में खोलने की तैयारी है।बैक टू गुरुकुल पाठशाला सेवा योजना को मूर्त रूप देने में सहयोग कर रहे है । डॉ संजय कुमार सिंह, गुंजन सिंह, डॉ प्रतिमा सिंह, शोध छात्र गौरव ओझा, अंकुर रौनियार, सौरभ पाण्डेय, अविनाश पाल, निखिल प्रजापति, धर्मेंद्र यादव, देवब्रत राय तथा रोहित वर्मा, एआरओ इलाहाबाद सुनील कुमार यादव, पवन साहू, सत्यम चन्द, नंदनी, सौम्या पाण्डेय, शांतनु मिश्र लॉ छात्राए आदि शामिल हैं।

# विनीत सिंह यादव अध्यक्ष, फूलचंद पटेल संघर्ष समिति के बने मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**लालगोपालगंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शनिवार को ब्लॉक संघर्ष समिति शाखा कौड़िहार की ग्यारह सदस्यीय टीम का गठन हुआ। संगठन को सशक्त एवं मजबूती देने वालों की योग्यता का आकलन करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्णा और मंत्री बालेंद्र पांडे के अलावा कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापति ने ग्यारह सदस्यों को मनोनीत कर पदभार दिया। कौड़िहार ब्लॉक संघर्ष समिति का अध्यक्ष विनीत सिंह यादव, उपाध्यक्ष श्रद्धा सिन्हा, उपाध्यक्ष बलबीर, उपाध्यक्ष इमरान कलीम, उपाध्यक्ष दीपक और मंत्री फूलचंद पटेल संयुक्त मंत्री सूरज शुक्ला, संयुक्त मंत्री अरविंद कुमार यादव, संयुक्त मंत्री विपिन खरवार समेत अंसारी को मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया। मनोनीत के उपरांत संघर्ष समिति के नए पदाधिकारी को शिक्षकों ने बधाई दी।

# एनजीबीयू द्वारा स्वच्छता अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के एनासीसीए एनएसएस एवं



रोवर्स.रेंजर्स की टीम ने श्स्वच्छता ही सेवाश के अंतर्गत श्एक तारीखए एक घंटेश कार्यक्रम अभियान में आज प्रातरू 10 बजे महर्षि दुवार्सा आश्रम पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर दुबावल परिहार ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र गिरीए रोवर.रेंजर समन्वयक डॉण विष्णु प्रसाद शुक्लए कर्नल डॉण कृपाशंकर यादवए डॉण आलोक कुमार मिश्रए डॉण शिवाश्रेय यादव एवं डॉण दीपक त्रिपाठी सहित अनेक स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने उपस्थित होकर एक घंटे श्रमदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया और इसे अपनी आदत में शामिल करने को प्रेरित किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर छात्रों के दादा दादी एवं नाना नानी हुए सम्मानित

### आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज खाई में छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज।** रविवार को करछना तहसील क्षेत्र में संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय खाई में स्वच्छता अभियान की शुरूआत के अवसर पर प्रधानाचार्य मत्स्येन्द्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकोंए कर्मचारियों और छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर



योगदान दिया स्वच्छता अभियान में विद्यालय में सभी छात्र एवं छात्राओं शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने भाग लेकर सराहनीय कार्य में रुचि दिखाई तथा साफ सफाई का संदेश दियाए साथ ही अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर छात्रों के दादा ऋ दादी और नाना ऋनानी को सम्मानित किया गया तथा उनके रुचि के कार्यक्रम छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए इस अवसर पर समाज के गणमान्य बुजुर्ग भोला नाथ पांडेय, चिंतामणी आदिवासी, राजकुमार, आदि के साथ साथ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जितेन्द्र, पंकज, संदीप, धर्मेन्द्र अखिलेश और अंशु, शिल्पा आदि के अलावा विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है : अंकिता खेड़ा

## सेंट पीटर्स को एजुकेशनल स्कूल में आयोजित हुई स्वच्छता रैली .

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** स्वच्छ वातावरण से मानसिक और शारीरिक विकास होता है साथ ही साथ स्वास्थ्य अच्छा रहता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस पास हमेशा साफ सफाई रखना चाहिए क्योंकि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। उक्त उदगार जन वार स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकित खेड़ा ने रविवार को स्कूल कैंपस में आयोजित स्वच्छता रैली कार्यक्रम में उपस्थित छात्र - छात्राओं को जागरूक करने के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत छात्र.छात्राओं




को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली निकाली गई है हम स्वच्छता के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। एक स्लोगन के माध्यम से श्रीमती खेड़ा ने कहा न फैलाऊंगा कूड़ा कचरा य स्वच्छ बनाऊंगा भारत अपना स्वच्छता रैली कार्यक्रम में उपस्थित छात्र.छात्राओं को जागरूक करती हुई श्रीमती खेड़ा ने आगे कहा कि स्वच्छ वातावरण में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विकास होता है और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास हमेशा साफ सफाई रखनी चाहिए क्योंकि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है उनका मानना है कि स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति का प्रतीक है। गौरतलब है कि स्कूल के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने काफी बढ़ चढ़ कर भागीदारी किया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस तथा स्वच्छ भारत अभियान का नारा भी लगाया गया। इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने रैली में भाग लेने वाले छात्र.छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया तत्पश्चात प्रतिभागी छात्र छात्राओं को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टाफ के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मोदी ने जो स्वच्छ भारत का संकल्प लिया हम सब मिलकर पूरा करेंगेःविनोद प्रजापति

### यमुनापार के भाजपाइयों ने 1535 बूथों पर चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गांधी जयंती से एक दिन पूर्व 1अक्टूबर रविवार को सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में ज़िलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में मां विंध्यवासिनी मंदिर घटवाएपंचमुखी हनुमान मंदिर और समोगर नाथ शिव मंदिर समोगरा पर साफ.सफाई अभियान के साथ श्रमदान करते हुए पूजा-अर्चना किया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा मोदी ने जनता के हितों के लिए प्रधानमंत्री रहते झाड़ू उठाकर भारत के



स्वच्छता का संकल्प लिया उसे हम सब मिलकर पूरा करते हुए स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। नारीबारी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे चिकित्साधिकारी डॉंग्राजेश सिंहएभाजपा जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्लाएजिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दीए मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल आदि भाजपाइयों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ पूरे परिसर में साफ.सफाई अभियान चलाकर कूड़ा.करकट एकत्रित कर सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पसीना बहाया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया की यमुनापार जिला के 1535 बूथों पर सार्वजनिक स्थलों पर कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर राजेश शुक्ला, ज्ञान सिंह पटेल, जय सिंह पटेल, बृजेश पांडे, पंकज द्विवेदी, राज कुमार मिश्र, राम प्रकाश सिंह, किरन देवीं, गीता देवी, किरन देवीं, भोला सिंह, उमेश कुमार, राजाराम चतुवेर्दी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूजा और आस्था के साथ नियमित स्वच्छता के ब्रत को बनाए जीवन का हिस्साः योगेश शुक्ला

### गांधी जयंती के अवसर पर सुप्रसिद्ध बाबा महाराज के दरबार में पूजन कर भाजपा नेता ने दिया श्रमदान

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** आज पूरे देश में स्वच्छता के लिए चलाया जा श्रमदान अभियान गांधी जी के लिए न केवल सच्ची श्रद्धांजलि होगी बल्कि देश के हर गांव और शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की प्रेरणा देगा पूजा और आस्था के साथ.साथ हमें नियमित रूप से स्वच्छता के लिए कर सेवा का व्रत लेना चाहिए उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ला रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर परानीपुर स्थित सुप्रसिद्ध बाबा महराज दरबार में पूजन अर्चन के पश्चात देश के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान देते हुए व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर देश के गुरुद्वारों की सफाई व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए मंदिर प्रबंध समिति पार्टी कार्यकताओं श्रद्धालुओं एवं मेले के दुकानदारों का आह्वान करते हुए कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे आज के स्वच्छता कार्यक्रम को हर रोज चलाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि हम सभी श्रद्धालु जिस आस्था और विश्वास के साथ यहां पर जल चढ़ाते हैं और पूजा करते हैं उसी



आस्था के साथ हमें नियमित रूप से स्वच्छता के लिए कर सेवा का व्रत लेना चाहिए यदि हम सब ऐसा कर सके तो धीरे.धीरे स्वच्छता भी हमारी पूजा का हिस्सा बन जाएगी और गांधी जी के इच्छा की पूर्ति भी होगी । इतना ही नहीं श्री शुक्ल ने यह भी कहा कि आज पूरे देश में स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा श्रमदान अभियान गांधी जी के लिए न केवल सच्ची श्रद्धांजलि होगी बल्कि देश के हर गांव और शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की प्रेरणा देगा पूजा और आस्था के साथ.साथ हमें नियमित रूप से स्वच्छता के लिए कर सेवा का व्रत लेना चाहिए। इस मौके पर श्री शुक्ल के मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला, जयशंकर पांडे, उमाशंकर गांधी विजय, श्याम बिहारी, संजय केसरी, नरेंद्र तिवारी , राकेश शुक्ला, विकास सिंह, रोहित पांडे, दुबराज भारतीय , अजय शुक्ला, हृदेश मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, सुधाकर पांडे, पीसी पटेल, ननकू सिंह, प्रमोद पांडेय, हरिमोहन पांडे, दुर्गा पांडे, रमाशंकर मिश्रा, गुलाब पांडे, सुरेश कुशवाहा, रामाचारी पाल, रमेश भारतीय, सुशील चौबे, जयप्रकाश, बिना हरिकांत , भोला सिंह, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तथा ग्रामीण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रधान मंत्री के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया गया सफाई अभियान

### सीएचसी अधीक्षिका व खंड विकास अधिकारी के साथ भाजपा कार्यकताओं ने की सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** रविवार को भाजपा जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी की अगुवाई में दर्जनों कार्यकताओं नेखंड विकास अधिकारी अनीस अहमद व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षिका डॉ अंकिता पांडेय की मौजूदगी में चलाया साफ सफाई अभियान ब्लॉक परिसर में झाड़ू लगाते हुए कचरों को डस्टबिन में एकत्रित किया। बता दें कि प्रधान मंत्री की एक आवाज पर आज पूरे देश में सफाई अभियान चला प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं ने सेवा पखवाड़ा के तहत सुबह दस बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इकट्ठा हुए जिसकी अगुआई भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने की सफाई अभियान में प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में अधीक्षक रहे डॉ. तरुण पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, महामंत्री नीरज केसरवानी व भूपेन्द्र पाठक, बच्चा मालवीय, श्याम लाल तिवारी,




सुबोध जयसवाल, पंकज मिश्रा, आशीष सोनकर, आलोक पाठक, कमला द्विवेदी, उदित मिश्रा, राकेश पाठक, विवेक सिंह, अश्वनी द्विवेदी, सीमा सिंह, महिमा सिंह, सरला सिंह, मंजू सिंह, डॉ. सुरेश, यास्मीन, डॉ. मनीष जगनंदन सिंह, ब्रिजेंद सिंह, स्वतन्त्र शुक्ला, दिनेश प्रजापति, नरेंद्र यादव, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा पर क्षेत्र के अनेकों धार्मिक स्थलों पर भाजपा की चली झाड़ू

**अखंड भारत संदेश**

**करछना/प्रयागराज।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को करछना क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर भाजपा कार्यकताओं ने आयोजित



कार्यक्रम में जमुनापर भाजपा ज़िला अध्यक्ष विनोद प्रजापति जी और कार्यकताओं द्वारा मां विंधवासनी मंदिर पर सफाई किया गया उसके बाद तरौली पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सफाई किया गया और समोगरनाथ शिव मंदिर समोगरा पर सफाई और श्रमदान किया गया । जिसमे मुख्य रूप से राजेश शुक्ला, ज्ञान सिंह पटेल, बृजेश पांडे, पंकज दिवेदी, रिंकु सिंह, राम भवन द्विवेदी, राज कुमार मिश्र, जय सिंह पटेल, सेवा लाल पटेल, नागेश्वर निषाद, नीरज द्विवेदी, गोरे लाल, राजू सिंह, पटेल आनंद कुमार तिवारी, नरेश सोनकर, दिवाकर सिंह, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बनी सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी

## सपा कार्यालय पर हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व मंत्री/पूर्व एमएलसी डॉ.राजपाल कश्यप के संस्तुति पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी की उपस्थिति में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित की गयी।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष मनीष कुमार पाल की देखरेख में जिला उपाध्यक्ष जियाउल इसहाक, शिव प्रकाश प्रजापति, गोविंद बिंद, राजू यादव, धनंजय यादव, रोहित विश्वकर्मा, मानवेंद्र वर्मा, सुनील पुष्पजीवी बनाये गये हैं। जिला महासचिव विशाल मौर्या, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल गुप्ता, जिला सचिव अरुण पाल, इमरान सभासद, गये हैं। इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य में मोहम्मद सारिक, बृजेश कुमार पाल, लाल बहादुर यादव, आजाद यादव,



समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

ज्योति बिंद, अरविंद प्रजापति, राजकुमार विश्वकर्मा, मोहम्मद शोएब, सुरेश निषाद, कृष्ण कुमार पाल, युनुस मंसूरी, रामनरेश पाल, अनुराग यादव, प्रेमचंद्र बिंद बनाये राजेश निषाद, एजाज अहमद, मंजीत पाल, कीर्ति मौर्य, विशाल शर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, राजकुमार पाल, प्रदीप प्रजापति, रामसुंदर यादव, शशांक पटेल, इंद्रपाल यादव, अरविंद कुमार पटेल, सौरभ यादव, शिवकुमार यादव, जीतलाल यादव बनाये गये हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा रामपुर खास, आदेश प्रताप यादव बाबागंज, संजीत यादव कुंडा, रामखेलावन यादव विश्वनाथगंज, राम सजीवन शर्मा सदर, जगलाल वर्मा पट्टी, राकेश कुमार पाल रानीगंज बनाये गये हैं। नगर अध्यक्ष राहुल प्रजापति प्रतापगढ़ नगर, उत्तम सिंह यादव रानीगंज, राजेश पटेल मांधाता, नगर उपाध्यक्ष-विपुल पाल शहर प्रतापगढ़, ब्लाक अध्यक्ष सुशील कुमार पाल सदर, सुरेश यादव मंगरौरा, विजय कुमार पाल बिहार, मिथिलेश कुमार पाल गौरा, विधानसभा उपाध्यक्ष विश्वनाथगंज विपिन पाल बनाये गये हैं। इस अवसर पर निसार अहमद, डाक्टर एजाज साहब, मीडिया प्रभारी वकार अहमद अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# वेतन भुगतान को लेकर सांसद से मिले तदर्थ शिक्षक

**प्रतापगढ़।** जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता और जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव से शिक्षक नेता प्रभात कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में मिलकर तदर्थ शिक्षकों के 15 माह से अवरुद्ध वेतन को तत्काल भुगतान कराने और सेवा सुरक्षा के लिए ज्ञापन दिया। इस दौरान सांसद और जिलाध्यक्ष ने आश्वासन दिलाया कि वे तदर्थ शिक्षकों के प्रकरण को बहुत ही जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का निदान कराएंगे। इस मौके पर राकेश सिंह, कुंवर इंद्रनील सिंह, रविंद्र सिंह, राजीव सिंह, हेमंत सिंह, विपिन सिंह, विक्रांत शुक्ला, राकेश यादव, सूर्यबली यादव, शरद ओझा, शैलेंद्र सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रेम शंकर मिश्रा, सुरेश पांडे आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# गांव के बच्चों ने की हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग

## स्वरचित कविताएं सुनाकर बच्चों ने किया सबको मंत्रमुग्ध

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा हिंदी पखवारे के समापन अवसर पर विकास खंड सदर के सरायदली गांव में हिन्दी के उत्थान के लिए संगोष्ठी एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। बच्चों ने एक स्वर से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग की। सभी ने विविध विधा की रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रेमदास मौर्य ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। इसको समझना और बोलना आसान है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश एवं लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि मातृभाषा में सभी विषयों को



हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग करते बच्चे।

समझना आसान होता है। अतः पढ़ाई का माध्यम हिन्दी होना चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्रीनाथ मौर्य सरस ने संचालन करते हुए कहा कि हिन्दी में ही हमको सारा कार्य करना चाहिए। कवितापाठ करने वाले बच्चों आदर्श, श्रवणकुमार, आयुष, देवांश, लक्ष्मी, सृष्टि, साक्षी, अनन्या, श्लोक आदि को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र कुमार मौर्य, अनुराग, आरती, आनन्द, आकाश ने हिन्दी के अधिकाधिक प्रचार की बात कही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकांकर के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के तहत एक घंटे का संविधान कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के स्थानो पर व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम चलार्क श्रमदान किया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा समन्वयक डॉक्टर डालचंद आनंद, भूपेश प्रताप सिंह एवं डॉक्टर सृष्टि कुशवाहा के नेतृत्व में संपादित किया गया। जिसमे तीनो ईकाई कर सभी छात्र मौजूद रहे। कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव व प्रो0 सूर्यभान सिंह,प्रो0 रामकरन ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत यदि हर मनुष्य अपने घर के आस पास एक घंटे का श्रमदान करने लगे तो स्वच्छ भारत को होने से कोई नही रोक सकता सरकार के उठाये गये इस पहल का हम सभी शिक्षक व छात्र स्वागत करते है। इसी क्रम मे विकास क्षेत्र कालाकांकर के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे शासन के निर्देश पर स्कूलों मे बच्चो को बुलाकर स्वच्छता अभियान के तहत एक घंटे का शिक्षकों ने बच्चो के साथ श्रमदान किया उसके बाद बच्चो को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया जिसमे शिक्षक डा0 संजय शुक्ला,वकील अहमद, बिष्णु प्रसाद मिश्र, योगेशचन्द श्रीवास्तव,आदित्य प्रकाश त्रिपाठी,मो0 इरफान फारूकी, अबरार अहमद,आदि लोग रहे। स्वच्छता अभियान के तहत विकास क्षेत्र कालाकांकर के विभिन्न ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान ने ग्रामीणो के साथ मिलकर एक घंटे के लिए गांव मे श्रमदान किया जिसमे सुरेश यादव,अजय पटेल, गेंदलाल पटेल, पप्पू चुडिहार,विकास सोनकर,आदि लोग रहे।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** किशोरी को अगवा करने के मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण लिया जहां पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करने का आदेश दिया गया। रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले विशाल उर्फ महाजन पर गांव के ही एक व्यक्ति ने किशोरी को अगवा करने का आरोप लगाया। पूछताछ करने के लिए उसके घर गए तो परिवार के रहने वाले हरिलाल हेमा प्रमोद कुमार राजेश और कुलदीप ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पट्टी पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण लिया जिस पर कोर्ट के आदेश पर पट्टी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# नपाध्यक्ष व एडीएम ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

## स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम को देखने पहुंचे नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव

### सफाई रखोगे तो स्वस्थ रहोगेः हरिप्रताप

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के कांशीराम कालोनी जोगापुर में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा व अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रारंभ में स्थानीय नागरिकों को नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सफाई निरंतर अक्रिया है। यदि आप अपने मोहल्ले को साफ रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे इसलिये सफाई में



कांशीराम कालोनी जोगापुर में श्रमदान करते नपाध्यक्ष व एडीएम।

स्थानीय जनता का सहयोग बहुत जरुरी है। कांशीराम कालोनी में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम को देखने के लिये लखनऊ से आए नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव हिमांशु कुमार ने एक तरफ देखा कि नगर पालिका 154 घंटे लगातार सफाई अभियान में जुटी है, दूसरी तरफ नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व उनकी टीम तथा एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा स्वयं झाडू लगा रहे हैं। इसे देखकर वह प्रसन्न दिखाई दिये। नोडल अधिकारी ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य कूड़ा करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर साफ-सफाई करके अपने गांव, शहर व कार्यालय को स्वच्छ, सुन्दर, हरित बनाना है। नोडल अधिकारी मात्र दस मिनट निरीक्षण कर आगे निकल गये। लगभग एक घंटे तक चले स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष व ईओ के साथ आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह के अलावा लगभग सौ सफाई कर्मचारी थे जो सुबह छह बजे से दो नाला क्लीनिंग मशीन व दो ट्रैक्टर लेकर सफाई कार्य में जुटे रहे।

# मोदी और योगी के नेतृत्व में बीजेपी ने पूरा किया गरीबों के कल्याण का संकल्पः उमेश

## दैवीय आपदा प्रबन्धन समिति के चेयरमैन ने दलित बस्तियों में किया संवाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शिक्षक विधायक एवं विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति के चेयरमैन उमेश द्विवेदी अनुसूचित जाति बस्ती में जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के कटरा संग्राम सिंह दलित बस्ती में सम्पर्क अभियान में एम.एल.सी. उमेश द्विवेदी ने देश के विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में केन्द्र में पीएम मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गरीबों के कल्याण का संकल्प पूरा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विकास तथा सुरक्षा की गारंटी देते हुए आयुष्मानभव की प्रधानमंत्री कल्याणकारी योजना, किसान सम्मान निधि, उज्वला समेत कई जनता के हित से जुड़ी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ जरूरतमंद को पहुंचाने में सफलता ली है। उन्होंने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और मजबूती के साथ सरकार का बनना तय है। दलित बस्ती में एम.एल.सी. उमेश द्विवेदी सब के साथ स्वल्पाहार भी ग्रहण करते दिखे। कार्यक्रम का संयोजन रामपुर संग्रामगढ़ मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह ने किया। इस मौके पर धीरज सिंह, अनिल त्रिपाठी, राधेश्याम, संतोष, प्रियांशू, अमित सरोज, बाबा तिवारी आदि रहे। इससे पूर्व शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने रामपुर संग्रामगढ़ के मोठिन गांव में भी दलित बस्ती में भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।

# बोझ नहीं आशीर्वाद हैं बुजुर्ग : सांसद

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम महुली में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धाजन दिवस पर वृद्धाश्रम महुली में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी वृद्धजनों को सांसद ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आजकल नई पीढ़ी अपने मां-बाप




वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

को भूलते जा रही है। सभी से अनुरोध है कि अपने माता-पिता की सेवा करें। चारों धाम करके जो लोग मां-बाप की सेवा नहीं कर रहे हैं उनका सारा तीर्थ बेकार है। उन्होंने वृद्धजनों से यह भी अपील की आपके बेटो-बहुओं व परिवार ने आपकी सेवा नहीं की है और आप यहां वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हैं।

आप सब अपने परिवार की उन्नति के लिए प्रार्थना करते रहिएगा। अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि यहां रह रहे 80 वृद्धजन हमारे माता-पिता हैं उनको कोई दिक्कत ना हो मैं पूरी कोशिश करता रहूंगा। वृद्धजनों के उत्साह बढ़ाने में चारू नर्सिंग कॉलेज के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आभार ज्ञापन प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने किया। इस मौके पर डा0 विकास त्रिपाठी, डॉ ज्ञानेंद्र मौर्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ अंजलि सिंह चिकित्सा अधिकारी, मुकेश कुमार मौर्य मनोरोग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वितीय, धर्मेंद्र, अमित, आकाश, रोहित, मनोज कुमार, विवेक, आदर्श कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में अन्तरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर शतायु (100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके) मतदाताओं को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तहसील सदर सभागार में सम्मानित किया। उन्होने इस अवसर पर 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया तथा मतदाताओं से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके परिवारजनों से वृद्धजनों की निरन्तर देखरेख एवं सेवा करने हेतु कहा। तहसील सदर सभागार में जिन 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

उनमें देवकली पत्नी जग नारायण, रहम अली सुत बाबूलाल, कमला देवी पत्नी माता प्रसाद, निर्मला देवी पत्नी रामराज, कमला देवी पत्नी जगन्नाथ, पुत्तन सुत घसीटे, मो0 अलीम सुत यासीन, बद्री सुत राम आनन्द, फूला देवी पत्नी हरि नारायण, कालूराम विश्वकर्मा सुत बाल मुकुन्द तथा गुजराती के नाम सम्मिलित है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, तहसीलदार व तहसील परिसर के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार अन्य विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/बूथ लेवल आफिसर्स द्वारा सम्मानित किया गया।

# सूरज, सिमरन, समरीन, आन्या का राज्य स्तरीय माध्यमिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में चयन

## मंडलीय माध्यमिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेसिक के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** मंडलीय माध्यमिक बैडमिंटन प्रतियोगिता अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स स्टेडियम म्योहाल प्रयागराज में संपन्न हुई। यू पी एस कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ ने बालक/बालिका सिंगल/डबल्स सभी वर्गों में कौशांबी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल प्रयागराज और प्रतापगढ़ के बीच सम्पन्न हुआ। बालिका सिंगल और डबल्स दोनों वर्गों में प्रतापगढ़ ने प्रयागराज को हराकर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रवेश किया। बालक वर्ग में यू पी एस कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ के सूरज का चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया गया है। मुख्य अतिथि आर्यन विश्वकर्मा उप शिक्षा निदेशक चतुर्थ मंडल प्रयागराज ने बेसिक के बच्चों का प्रदर्शन देखकर प्रशंसा एवं सराहना की। मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 अक्टूबर 2023 को बरेली मंडल बरेली में संपन्न होगी।



राज्य स्तरीय माध्यमिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में चयनित बच्चे।

बच्चों के साथ मोहम्मद फरहीम, मनोज कुमार, रोशन लाल मौजूद रहे। सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रामकुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक, मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील सिंह जिला स्काउट मास्टर, सुरेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, खेल सचिव दिनेश चंद्र पांडेय, कौशलेंद्र प्रताप सिंह व्यायाम शिक्षक मान्धाता ने बच्चों व उनके प्रशिक्षक को बधाई दी।

# छापेमारी के दौरान कई बार बैक फुट पर दिखा प्रशासन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जेवई में छापेमारी के दौरान कई बार ग्रामीणों से मुकाबला भी हुआ है, जिसमें प्रशासन को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा है। लगभग तीन दशक पहले रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी रहे गणेश को उस समय गांव से भागना पड़ा था जब छापेमारी के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी। यही हाल लगभग डेढ़ दशक पहले जेवई में पुलिस व आबकारी की संयुक टीम ने छापेमारी की थी। उस समय भी ग्रामीणों के मोर्चा थामते ही फिर प्रशासन बैक फुट पर दिखाई दिया था। इसी दौरान पूर्व प्रधान की पत्नी की मौत हो गई थी। गांव के लोगो ने दोनो घटनाओं में प्रशासन को ही दोषी ठहराया था।

# गांधी जयन्ती पर जनपद में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि जनपद में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। उन्होने बताया है कि सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। प्रातः 9 बजे समस्त कार्यालयों, विद्यालयों एवं समाजसेवी संस्थाओं के किसी बड़े हाल में महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बड़े चित्र का अनावरण व माल्यार्पण एवं रामधुन का गायन, तत्पश्चात इन महापुरूषों के जीवन संघर्ष, त्याग, बलिदान एवं नैतिक मूल्यों पर विचार विमर्श किया जाये। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालयों में श्रमदान के द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें तथा स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता की शपथ दिलायी जायेगी। पूर्वान्ह 9.30 बजे से पूर्वान्ह 10.30 बजे तक 05 किमी0 बालक पैदल चाल एवं 03 किमी0 बालिका पैदल चाल का आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह 10 बजे से पूर्वान्ह 10.30 बजे तक कांशीराम कालोनी में सफाई एवं स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन, बौद्ध बिहार चिलबिला में पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक राष्ट्रीय एकीकरण कार्यक्रम, पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज में सांस्कृतिक एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम, मण्डी समिति महुली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, सभी माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दोनो महापुरूषों के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला जायेगा। पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दोनो महापुरूषों के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला जाये। इसी प्रकार पूर्वान्ह 10 बजे से नगर पालिका परिषद के तुलसीसदन (हादीहाल) में महात्मा गांधी के अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी तथा प्रत्येक गांवसभा में स्वस्थ बालक को प्रमाण पत्र वितरित किये जाने का कार्यक्रम एवं महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला जाये। अपरान्ह 3 बजे जनसेवा निकेतन विवेकनगर खादी संस्था के प्रांगण में सफाई कार्यक्रम एवं रामधुन का आयोजन तथा चरखा कतई कार्यक्रम व पारितोषिक वितरण कार्यक्रम, पूर्वान्ह 11 बजे से जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में सरसो की मिनीकिट का वितरण तथा पूर्वान्ह 10 बजे से घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण किया जायेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी अधिशासी अधिकारी अपने अपने नगर पंचायतों में गांधी/लाल बहादुर की प्रतिमा की सफाई करायेगें एवं माल्यार्पण करेगें।

# अवैध शराब के कारोबार पर नहीं लग पा रहा है अंकुश

## लालगंज के जेवई समेत कई गावों में दशकों से धधक रही भट्ठियां, कार्रवाई के नाम होती है खानापूर्ति

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले में कच्ची शराब के कारोबार की चर्चा हो तो जेवई का नाम लिए बगैर लोग रह नही सकते है। इस गांव में यह अवैध कारोबार पुश्तैनी हो चुका है। यहां पर कई दशक से पीढ़ी दर पीढ़ी लोग इसी व्यापार में लगे हुए है।प्रशासन भी इस गांव से दूरी बनाए रखता है। कभी उच्चाधिकारियों का दबाव बना तो स्थानीय प्रशासन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति करता है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कैथौला का एक गांव जेवई है। यहां पर कच्ची शराब का कारोबार कई दशक से होता चला आ रहा है। या फिर यह कह लीजिए की गांव वालों के लिए यह शराब का अवैध कारोबार पुश्तैनी बन चुका है। इस गांव में प्रशासन भी दस्तक देने से बचता है। कभी उच्चाधिकारियों का दबाव बना तो कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। कई दशक से धधक रही भट्ठियों को आज तक न तो विभाग बुझा सका और न ही पुलिस। यही हाल इसी क्षेत्र के अगई, मेढावा, देल्हूपुर गांव का है।जहां पर अवैध शराब के कारोबार पर प्रशासन अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई देता है। गांव वालों की माने तो शाम होते ही शराबियों का मजमा लगने लगता है। इस वजह से क्षेत्र के लोगो पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि जानकारी होने पर दोनो गावो में दबिश देकर कार्रवाई की जाती है।

# पक्का तालाब,मूरतगंज का सौन्दर्यीकरण कराने के मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

## मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी ने पक्का तालाब,मूरतजगंज एवं ग्राम महगॉव में ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व के तहत श्रमदान का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त प्रयागराज जनपद कौशाम्बी के नोडल अधिकारी विजय विश्वास पन्त ने गांधी जयंती के एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर को पक्का तालाब मूरतजगंज एवं ग्राम पंचायत महगॉव में ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व पखवाड़ा के तहत एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए मण्डलायुक्त नोडल अधिकारी ने पक्का तालाब, मूरतगंज में श्रमदान के निरीक्षण के दौरान ई0ओ0 को तालाब की और बेहतर साफ-सफाई कराकर सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त नोडल अधिकारी ने ग्राम पंचायत महगॉव में महगॉव इण्टर कालेज के पास श्रमदान कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात मण्डलायुक्त ने गॉव महगॉव में मलिन बस्ती के निरीक्षण के दौरान विशेष अभियान चलाकर पूरे गॉव की साफ-सफाई करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि गॉव में जगह-जगह एकत्र कूडे को हटवाया जाय। उन्होंने गॉव में हर घर नल से जल के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोडी गई सड़क को ठीक प्रकार से न बनाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सड़क को ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक शौचालय में गंदगी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सचिव ग्राम पंचायत को बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने विगत 02 वित्तीय वर्ष में ग्राम में कराये गये कार्यो की बुकलेट उपलब्ध कराने तथा ग्राम में बनाये गये वर्मी कम्पोस्ट के अवलोकन के दौरान तकनीकी जॉच कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियों से वार्ता कर पेंशन मिलने एवं राशन मिलने आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए।

ग्रामवासियों द्वारा कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश कराकर अलग-अलग कराये जाने के अनुरोध पर उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से वार्ता कर पढाई करने की जानकारी प्राप्त करते हुए बच्चो से कहा कि नियमित रूप से स्कूल जाय तथा मन लगाकर पढाई करें इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी,उप जिलाधिकारी चायल दीपेन्द्र यादव, जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर त्रिवेदी एवं खण्ड विकास अधिकारी संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

## तिहरे हत्याकांड के बाद हटाए गए थाना अध्यक्ष और चौकी इंचार्ज

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में दो सप्ताह पूर्व अनुसूचित जाति के तीन व्यक्तियों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था मामले में हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है मृतक के परिजन शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर तीन लोगों की हत्या की दास्तान बताई शनिवार की देर रात्रि पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने संदीपन घाट थाना अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह व पुलिस चौकी इंचार्ज हर्रायपुर अनुराग सिंह को वहां से हटाते हुए पुलिस लाइन भेज दिया है और संदीपन घाट थाना के कमान भुनेश चौबे को सौपी है हर्रायपुर पुलिस चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार बनाए गए हैं तीन लोगों की हत्या के समय तैनात थाना अध्यक्ष और चौकी इंचार्ज पर विभागीय जांच कराते हुए इन्हें कड़ा दंड देने की मांग मृतक परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से की है।

# मदरसा से छुट्टी के बाद घर जा रहे छात्र को डंफर ट्रक ने कुचला

अखंड भारत संदेश



गंभीर हालत में घायल छात्र को पुलिस ने अस्पताल में किया भर्ती

**करारी कौशाम्बी।** जिले में तेज रफ्तार वाहनों पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है,तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहन से आए दिन दुर्घटना होने के बावजूद पुलिस की कार्यवाई नही होने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद है। ताजा मामला करारी थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे का है जहा मदरसा से पढ़ाई कर छुट्टी के बाद घर जा रहे कक्षा 9 के छात्र को तेज रफ्तार डंफर ट्रक ने कुचल दिया,जिससे उसका एक पैर बुरी तरह से घायल हो गया,घटना की सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज एसआई ने तत्काल छात्र को ई रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया जहा से उसे जिला अस्पताल भेजा गया हालत गंभीर होने पर छात्र को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है जहा उसका इलाज चल रहा है। करारी थाना क्षेत्र के बरलहा के रहने वाला मोहम्मद याशीर पुत्र इश्तियाक अहमद करारी के मदरसा जामिया इम्दादुल उलूम में कक्षा 9 का छात्र है,वह मदरसा से छुट्टी के बाद अपने घर जाने के लिए चौराहा जा रहा था,तभी प्रयागराज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंफर ट्रक ने उसे टक्कर मार दी,टक्कर लगने के बाद यासिर का पैर ट्रक से कुचल गया और वह चिल्लाने लगा,शोर सुनकर लोगो की भीड़ जमा हो गई।घटना की सूचना पर कस्बा इंचार्ज एसआई पहुंचे और बच्चे के परिजनो को सूचना देकर उसे नजदीक के अस्पताल ले गए जहा से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया जहा उसका इलाज किया जा रहा है।वही कस्बे के अंदर तेज रफ्तार वाहनों पर रोक नही लगाए जाने से लोगो में आक्रोश व्याप्त है।

# गांधी जयंती के पूर्व स्वच्छता पखवारा में कुछ विद्यालय खुले तो कुछ मिले बंद

अखंड भारत संदेश

**चायल कौशाम्बी।** गांधी जयंती के एक दिन पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत समस्त परिषदीय विद्यालयों में साफ सफाई किए जाने के जिला अधिकारी मंडल आयुक्त और बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पूरी तरह से जिले में नहीं लागू हो सका है परिषदीय विद्यालय के शिक्षक मनमानी पर उतारू है और कुछ विद्यालय खुले मिले हैं तो कुछ विद्यालय बंद मिले हैं जिससे स्वच्छता अभियान को पूरी तरह से सफल नहीं कहा जा सकता इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पिपरी नेवादा कौशांबी सहित कई अन्य विद्यालयों का अखंड भारत संदेश समाचार पत्र की टीम द्वारा दौरा कर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान की हकीकत देखी गई। जिसमें नेवादा ब्लॉक का पिपरी विद्यालय में ताला लटकता नजर आया तो मखऊपुर में प्रधानाध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित मिले पर बच्चे नजर नहीं आए।वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय बलहेपुर में बच्चे एवं प्रधानाध्यापक सुखलाल सिंह व सहायक अध्यापक विमल कुमार कुशवाहा एवं रसोईया खाना बनाते हुए स्कूल में मौजूद मिली तो रेही प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक आनंद बिहारी वा सहायक अध्यापक राममगन उपस्थित रहे पर स्कूल में बच्चे मौजूद नहीं मिले बूंदा प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक धीरेंद्र सिंह वा सभी स्टाफ एवं रसोईया खाना बनाते मौजूद दिखे व बच्चों के साथ मिलकर सभी ने साफ सफाई विद्यालय में करके रैली निकाली गई तो वहीं पर पेरवा उच्च प्राथमिक विद्यालय में 10.45 पर पहुंचने पर विद्यालय बंद मिला कोई स्टाफ वहां मौजूद नहीं था वहीं सफाई कर्मी के द्वारा मजदूरी पर रखा गया सफाई कर्मी ही मौजूद मिला तो पेरई उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक सत्यवती देवी सहायक अध्यापक हरिओम वी चक्रपाणि मिश्रा व बच्चे भी मौजूद मिले तो यहां बच्चों के साथ रैली निकाली गई वह दादा-दादी एवं नाना नानी दिवस के रूप में भी बच्चों के साथ मनाया गया जहां आज बच्चों को एमडीएम में हलूवा बनाकर खिलाया गया।

## पेड़ की डाल गिरी एक महिला की मौत एक गंभीर घायल

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गंभीरा पूर्व गांव में रविवार को पेड़ के नीचे बैठकर दो महिलाएं बातचीत कर रही थी इसी बीच पेड़ की डाल टूटकर महिलाओं के ऊपर गिर गई है जिससे पेड़ के नीचे बैठी दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी गंभीर घायल दोनों महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है दूसरी महिला का का गम्भीर हालात में इलाज चल रहा है महिला की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गंभीरा पूर्व गांव की शांति देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी अमरनाथ गुप्ता और कुसुम पांडे उम्र 45 वर्ष पत्नी वेद कुमार पांडे रविवार को गांव के बाहर पेड़ के नीचे बैठकर आपस में बातचीत कर रही थी लेकिन अचानक पेड़ की डाल टूट कर दोनों महिलाओं के ऊपर गिर गयी हैं डाल गिरते ही दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी मौके पर चीख पुकार मच गई खेत में काम कर रहे लोग बचाव के लिए मौके पर पहुंचे हादसे की जानकारी महिलाओं के परिवार को ग्रामीणों ने दी सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और हादसे में घायल दोनों महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान शांति देवी की मौत हो गई है वही कुसुम पांडे का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है परिवार में कोहराम मचा है।

# आधा दर्जन स्कूलों में श्रमदान करने की जगह लटकते रहे ताले



अखण्ड भारत संदेश

**टेढ़ी मोड़/कौशाम्बी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर सभी स्कूल, कालेजों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों व गांव को स्वच्छ रखने के लिए रविवार को एक घंटे का श्रमदान करने का निर्देश जारी किया गया था। जिसमे तहत प्रातः 10 बजे से इस कार्य को प्रारंभ करना था जहां पर क्षेत्र के काफी स्कूलों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाते हुए महत्मा गांधी की स्वच्छांजलि दी गई वहीं आधा दर्जन स्कूलों में ताले लटकते रहे। इन स्कूलों के शिक्षकों को न ही स्वच्छता अभियान से कोई मतलब रहा और न ही शासन व अधिकारियों के आदेश का डर रहा। कहा जाता हैं की शिक्षक समाज का आइना होता है लेकिन जब वह खुद ही स्वच्छता के कार्यों का बहिष्कार कर डाला तो सम्माज को कैसे जागरूकता का सन्देश देगा। रविवार को सिराथू ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बम्हरौली अखबार की टीम 10:10 बजे पहुंची जहां पर स्कूल में ताला लटक रहा था। उसके बाद 10:20 पर प्राथमिक विद्यालय झंडापुर में भी ताला लटक रहा था। इसी तरह कड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गनपा में 10:30 बजे, प्राथमिक व उच्च विद्यालय रमई का पूरा में 10:37 बजे सिराथू का प्राथमिक विद्यालय ककोढ़ा 10:50 बजे और प्राथमिक विद्यालय निधियावां 10: 55 बजे बंद मिला । जब एक घंटे के निरीक्षण में इतने विद्यालय बंद मिले तो और कितने भी बंद रहे होंगे। इससे इन स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की लापरवाही उजागर होती है की उन्हे अपने अधिकारियों के आदेश की भी कोई परवाह नही है।

## टीम द्वारा निरीक्षण में क्षेत्र के इन स्कूलों में चला स्वच्छता अभियान

**टेडीमोड कौशाम्बी।** टीम के निरीक्षण में बीआरसी कड़ा में एआरपी प्रभाकर प्रसाद मिश्रा की अगुवाई में स्कूल में उपस्थित अन्य शिक्षक व कर्मचारियों के द्वारा परिसर की साफ सुथरा किया गया। ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय अंदावा में प्रधानाध्यापक विद्यानिवास पांडेय उच्च प्राथमिक विद्यालय अंदावा प्रधानाध्यापक मनोज द्विवेदी, प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में प्रधानाध्यापक गुलाब सिंह की अगुवाई में समस्त स्टाफ और बच्चों के साथ मिलकर स्कूल परिसर की साफ सफाई करते हुए अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया और महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि कार्यक्रम को सफल बनाया।

# डीएम सीएस कमिश्नर का आदेश नहीं मानते औधन गांव के शिक्षक


## पूरे जिले के दो तिहाई परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की एक अक्टूबर को धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ी

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** गांधी जयंती के एक दिन पूर्व स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत श्रमदान करने का सरकार के निर्देश पर मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए जिले के संपूर्ण परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा आयोजन करने का निर्देश दिया लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के बाद भी स्कूल के तानाशाह शिक्षक नहीं सुधरे हैं स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान में जिले के दो तिहाई से अधिक परिषदीय विद्यालय के शिक्षक इस अभियान में शामिल नहीं हुए हैं जिससे सरकारी विद्यालयों की साफ सफाई नहीं हो सकी है सवाल उठता है कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने मातहत शिक्षकों को सरकार के निर्देश का पालन कराने में सफल नही हो सके हैं आखिर शिक्षकों के प्रति बेसिक शिक्षा अधिकारी का कौन सा प्रेम है जिससे शिक्षक उदण्डता करते हुए अधिकारियों का आदेश नहीं मानते हैं। पूरे जिले के दो तिहाई परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की धज्जियां उड़ती एक अक्टूबर को दिखाई पड़ी है स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लापरवाही और हठधर्मिता के चलते सफल होता नहीं दिख रहा है चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत औधन स्थित सरकारी विद्यालय में रविवार को ताला तक नहीं खुल सका है स्वच्छता श्रमदान किए जाने की बात तो बकवास साबित हो रही है लेकिन उसके बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा और बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी ने विद्यालय के लापरवाह प्रधानाध्यापक और शिक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही कर जिला अधिकारी कमिश्नर और मुख्यमंत्री को देर शाम तक सूचित नहीं किया है जिससे बेसिक शिक्षा अधिकारी की भी लापरवाही और शिक्षकों से प्रेम का अंदाजा लगाया जा सकता है जिले में यह अकेला विद्यालय नहीं है जिले में सैकड़ो सरकारी विद्यालयों में 1 अक्टूबर को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का आयोजन डीएम कमिश्नर के निर्देश के बाद भी नहीं चल सका है शिक्षकों के इस तानाशाही के मामले को अधिकारियों को गंभीरता से लेकर शिक्षकों की तानाशाही के मामले पर कठोर कार्यवाही कर शिक्षकों पर अंकुश लगाए जाने की जरूरत है वरना शासन प्रशासन का आदेश इसी तरह हवा हवाई में उड़ता रहेगा केवल मीटिंग भाषण बयान बाजी और फोटो खींचकर भेजने तक अभियान की सफलता साबित होती रहेगी।

## रैया देह माफी के कंपोजिट विद्यालय : प्रधानाध्यापक के अलावा विद्यालय और कोई नही पहुंचा



**महगाव कौशाम्बी।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी जयंती के एक दिन पूर्व साफ सफाई करने का निर्देश दिए जाने के बाद भी तमाम शिक्षण संस्थानों में ताला बंद रहे विद्यालय में शिक्षक और छात्र नहीं पहुंच सके हैं कुछ विद्यालयों में केवल औपचारिकता निभाई गयी है चायल तहसील के ग्राम पंचायत रैया देह माफी के कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अलावा कोई अध्यापक स्कूल नही आया जिससे सरकार द्वारा तमाम निर्देश दिए जाने के बाद स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की धज्जियां उड़ती रही हैं कचरा मुक्त भारत अभियान कैसे सफल होगा यह सवाल खड़े हो गए है।

# स्विफ्ट डिजायर कार व अवैध तमंचे के साथ 2 गिरफ्तार

## सैनी कोतवाली पुलिस की बड़ी कामयाबी

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निदेर्शानुसार अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सैनी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है चोरी के समान के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है। जरिए मुखबिर सैनी कोतवाली अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य को सूचना मिली 2 चोर सैनी कोतवाली के लोंहदा मोड़ पर किसी वारदात की फिराक में हैं चौकी प्रभारी अझुवा सैनी कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी मय हमराहियों कांस्टेबल कन्हैया लाल,कांस्टेबल शुभम कुमार कांस्टेबल दीपक कुमार के साथ घेराबंदी कर 2 अभियुक्तों इश्तियाक अहमद पुत्र आफाक निवासी ग्राम खैरई थाना खागा जनपद फतेहपुर एवम दूसरे अभियुक्त समसाद पुत्र रहीश निवासी ग्राम अंदौली थाना राधानगर जनपद फतेहपुर को हिरासत में लिया अभियुक्तों के पास 1 एक अदद बैटरी एक अदद डी वी आर एक सफेद कपड़े में, एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 32ऋ्र 2575 लोहे के उपकरण एक अदद तमंचा 315 बोर और 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है।



# भाजपा जिला अध्यक्ष ने श्रमदान कर साफ सफाई कर दिया संदेश

**कौशाम्बी।** आजादी के एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य अपने तमाम साथियों के साथ स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने एक सभा का आयोजन कर उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है स्वछता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल मंझनपुर शक्ति केन्द्र टेंवा के प्रचीन मंदिर अग्नि बैताल प्रांगण में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अपने तमाम अन्य साथियों के साथ स्वच्छता श्रमदान कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान को आगे बढ़ाया है साफ सफाई अभियान में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने बढ्ड चढ़ कर हिस्सा लिया।श्रमदान करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में अनुसूचित बस्ती टेनसाह आलमा बाद में चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल में उपस्थित आम जनमानस को संबोधित करते हुए धर्मराज मौर्य ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगो से सम्पर्क किया वा कार्यकर्ता के घर पर भोजन ग्रहण किया गया स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कचरा मुक्त भारत अभियान चलाकर नगर पंचायत क्षेत्र की सफाई

## न कचरा करेंगे न किसी को करने देंगे : नगर कर्मी

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सरकार के निर्देशानुसार मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत कचरा मुक्त भारत अभियान नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र में चलाया गया । 26 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 शाम 5 बजे तक प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है नगर पंचायत अझुवा में 154 घंटे स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है चिन्हित 36 स्थानों में विशेष अभियान चल रहा है जिसके अंतर्गत आज नगर पंचायत अझुवा अधिकारी कर्मचारी ,चेयर मैन,सभासदों ने हिस्सेदारी लेकर सफाई अभियान चलाया है अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया स्वच्छता मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है जिसमे अपने आसपास की साफ सफाई करना सबका नैतिक कर्तव्य है जिससे संक्रामक रोगों से बचाव हो सकता है चेयर मैन शांती देवी कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता अब एक आंदोलन का रूप ले चुका है, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा ,कचरा मुक्त पखवाड़े के संबंध में बताया की महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ और विकसित देश की कल्पना भी थी, महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर भारत माता को आजाद कराया अब हमारा कर्तव्य है की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सपने को साकार करें। इस अभियान में शीला केसरवानी, फूलचंद्र केसरवानी, हीरालाल मौर्य,फारुख हसन उर्फ अच्छू भाई, भाजपा नेता करन सिंह, सुरेश मौर्य सभासद प्रतिनिधि, रामबाबू मोदनवाल सभासद, शत्रुघ्न गुप्ता सभासद, गिरिराज बाबू कुशवाहा नगर के सभी सभासद नगर पंचायत के कर्मी, सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रम दान का फोटो छपास जनप्रतिनिधियों का शोसल मीडिया में उड़ रहा मजाक

अझुवा कौशांबी। सोसल मीडिया में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत तमाम जनप्रतिनिधियों ने साफ सुथरी सड़क पर हाथ में झाड़ू लेकर सफाई करने की फोटो डालकर सफाई करने की ढोंग करने वाली फोटो देख लोग तरह तरह के कमेंट कर खिल्ली उड़ा रहे हैं।

# अराजक तत्वों की शरण स्थली बनी काशीराम कॉलोनी जिम्मेदार खामोश!

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा बनाई गई काशीराम कॉलोनी अझुवा किराएदारों के किराए से गुलजार हो रही है इन किराएदारों में अराजक तत्वों के होने की वजह से क्षेत्र में आए दिन घटनाएं घटित हो रही लोगों का कहना है कि काशीराम कॉलोनी का विकास गरीबों के आवास के लिए किया गया था और आवंटित करते समय पात्र आवंटियों से हलफनामा लिया गया था कि वह किसी भी दशा में इन आवासों को किराए पर अथवा बिक्री नहीं की जा सकती लेकिन जिला विकास नगरीय विकास प्राधिकरण की लापरवाही के चलते गरीबों का आशियाना अपात्रों के हाथ सौंप दिए गए जिन्हें आवास की आवश्यकता नहीं थी जिसका यह जीता जागता नमूना है कि आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 4 मढिया मई में बनी कांसीराम कालोनी में अधिकतर लोग किराए या अवैध कब्जा कर रह रहे हैं जिसकी वजह से कालोनी तो गुलजार है लेकिन तमाम अपराधी प्रबत्ती के लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है कई कालोनी वासियों ने बताया कि यहां फतेहपुर, प्रयागराज,प्रतापगढ़ सहित अन्यत्र जिले के तमाम लोग अवैध कब्जा कर ,रहते हुए अपराधी गतिविधियों में लिप्त हैं देर रात 4;- 5 की संख्या में कालोनी से निकलकर क्षेत्र में चोरी सहित विभिन्न अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं इस अवैध कब्जा धारियों के बाबत अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि आवंटित लाभार्थियों की सूची 27 सितंबर को पुलिस प्रशासन को देकर कार्रवाई करने को कहा है वहीं चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ने बताया शीघ्र ही तदानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संपादक की कलम से

# अहिंसा के प्रयोग एवं प्रशिक्षण पर बल देना होगा

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, सह-अस्तित्व, शांति और खुशी का एक आदर्श माना जाता है। भारत अहिंसा एवं शांति को सर्वाधिक बल देने वाला देश है, यहां की रत्नगर्भा माटी में अनेक संतपुरुषों, ऋषि-मनीषियों को जन्म लिया है, जिन्होंने अपने त्याग एवं साधनामय जीवन से दुनिया को अहिंसा एवं शांति का सन्देश दिया। भगवान महावीर ने अहिंसा पर सर्वाधिक बल दिया, अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस की सार्थकता महावीर की अहिंसा को विश्वव्यापी बनाकर ही पायी जा सकता है। महावीर की अहिंसा में जहां संयम की प्रधानता है वही महात्मा बुद्ध की अहिंसा में करुणा है। संयम और करुणा की चेतना ही विश्व शांति एवं अहिंसा का आधार हो सकती है। वर्तमान सन्दर्भों में अतीत से चली आ रही अहिंसा की विरासत को महात्मा गांधी ने नया आयाम दिया, उन्होंने आजादी पाने के लिये इसे सशक्त हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। अहिंसा की प्रतिष्ठा प्रत्येक व्यक्ति चाहता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से भी आज अहिंसा की प्रतिष्ठा पर सर्वसहमति बनती जा रही है, तभी अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस को स्वीकार्यकता मिली है। अहिंसा को तेजस्वी और शक्तिशाली बनाए बिना उसकी प्रतिष्ठा की बात आकाश-कुसुम की भांति व्यर्थ है। इसको स्थापित करने के लिए भावनात्मक परिवर्तन, हृदय-परिवर्तन या मस्तिष्कीय प्रशिक्षण एवं प्रयोग अनिवार्य हैं।

शांति के लिए सब कुछ हो रहा है- ऐसा सुना जा रहा है। युद्ध भी शांति के लिए, स्पर्धा भी शांति के लिए, अशांति के जितने बीज हैं, वे सब शांति के लिए- यह मानसिक झुकाव स्वयं में एक बड़ी भंयकर भूल है। बात चले विश्वशांति की और कार्य हो अशांति के तो शांति कैसे संभव है? विश्वशांति के लिए अणुबम आवश्यक है, यह घोषणा करने वालों ने यह नहीं सोचा कि यदि यह उनके शत्रु के पास होता तो? संसार में अन्याय, शोषण एवं अनाचार के विरूद्ध समय-समय पर क्रांतियां होती रही हैं पर उनका साधन विशुद्ध नहीं रहने से उनका दीर्घकालीन परिणाम संदिग्ध हो गया। अहिंसा है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। हिंसा अंधेरा है और अहिंसा उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार हिंसा से अहिंसा को नहीं देखा जा सकता। विश्वशांति, सह-अस्तित्व एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण को देखने के लिए आंखों में अहिंसा का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो ह्यअहिंसाह्न का संदेश हर युग, हर धर्म और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। दुनिया गांधी को न केवल अहिंसा और सर्वोच्च मानवतावाद के अभ्यास के प्रति उनके भावुक पालन के लिए याद करती है, बल्कि उस मानदंड के रूप में भी याद करती है जिसके खिलाफ हम सार्वजनिक जीवन, राजनीतिक विचारों और सरकारी नीतियों में पुरुषों और महिलाओं और हमारे साझा लोगों की आशाओं और इच्छाओं का परीक्षण करते हैं। हमें अहिंसा को अधिक प्रासंगिक एवं कारगर बनाने के लिये महावीर की अहिंसा को जीवंत करना होगा। गांधी भी लिखते हैं कि ह्यमहावीर स्वामी का नाम किसी भी सिद्धांत के लिये यदि पूजा जाता है तो वह अहिंसा ही है। प्रत्येक धर्म की महत्ता इसी बात में है कि उस धर्म में अहिंसा का तत्त्व कितने प्रमाण में है। और इस तत्त्व को यदि किसी ने अधिक-से-अधिक विकसित किया है तो वह भगवान महावीर ही थे।ह्न निश्चित ही महावीर वाणी-अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली है।

# एनडीए की 13 बड़ी पार्टियों पर वंशवाद हावी

**अविनीश मिश्रा**

लाल किले के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद को लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक बताया था। अपने इस भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कम से कम 12 बार परिवारवाद का नाम लिया। संबोधन के दौरान उन्होंने राजनीति से परिवारवाद को जड़ से खत्म करने की अपील भी की।

बीजेपी ने इसके बाद परिवारवाद के खिलाफ पूरे देश में मुहिम भी शुरू की थी। पार्टी के बड़े नेता इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के परिवारवाद का जिक्र गाहे-बगाहे करते हैं। जेपी नड्डा ने हाल ही में कहा था कि इंडिया गठबंधन का लक्ष्य अपने परिवार को आगे ले जाना है, न कि देश को।

परिवारवाद पर जारी बहस के बीच एनडीए दलों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। जेडीएस की एंट्री ने परिवारवाद को लेकर बीजेपी के स्टैंड पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2023 में कर्नाटक की एक रैली में जेडीएस को एक परिवार की प्राइवेट लिमिटेड पार्टी बताया था।

प्रधानमंत्री ने जेडीएस को लेकर कहा था- कर्नाटक में एक पार्टी है जेडीएस, जो पूरी तरह से एक परिवार की प्राइवेट लिमिटेड पार्टी है। इस परिवार के बड़े चेहरे अपने परिवारों को सुरक्षित करने में अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जेडीएस को कांग्रेस की बी-टीम बताया था।

जेडीएस के साथ ही बीजेपी के 13 सहयोगियों की राजनीति वंशवाद पर ही टिकी हुई है। इनमें कई पार्टियां अभी सत्ता में भागीदार भी है। उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन में शामिल अधिकांश पार्टी परिवारवाद के घेरे में हैं।

**आइए उन्हीं पार्टियों के बारे में विस्तार से जानते हैं...**



जनता दल सेक्युलर- पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने इस पार्टी की स्थापना की थी। कर्नाटक और केरल में इस पार्टी का मुख्य जनाधार है। हाल ही में जेडीएस ने बीजेपी गठबंधन में शामिल होने का ऐलान किया है। जेडीएस के संस्थापक एचडी देवगौड़ा अभी राज्यसभा के सांसद हैं। देवगौड़ा के दो बेटे एचडी कुमारस्वामी और एचडी रेवन्ना विधायक हैं, जबकि रेवन्ना के बेटे प्राज्वल अभी सांसद हैं। कुमारस्वामी के बेटे निखिल लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि, उन्हें जीत नहीं मिली थी।

दिल्ली में अमित शाह के यहां मीटिंग में कुमारस्वामी के साथ निखिल भी मौजूद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेडीएस ने लोकसभा की कुल 6 सीटों की डिमांड बीजेपी के सामने रखी है। पार्टी को कम से कम 5 सीट मिलने की उम्मीद है।

2019 में देवगौड़ा परिवार से 3 नेता चुनावी मैदान में थे। इस बार भी परिवार से 3 नेता चुनाव लड़ सकते हैं। कर्नाटक की 10 लोकसभा सीटों पर जेडीएस की मजबूत पकड़ है।

हाल ही में कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में जेडीएस को 19 सीटें मिली है। पार्टी के पास करीब 15 प्रतिशत वोट है।

शिवसेना- शिवसेना की कमान अभी एकनाथ शिंदे के पास है, जो महाराष्ट्र की सियासत में एक्टिव है। एकनाथ शिंदे के परिवार से 2 नेता अभी सक्रिय राजनीति में हैं। खुद एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री हैं, जबकि उनके बेटे श्रीकांत ठाणे सीट से सांसद हैं। शिंदे के भाई भी राजनीति में काफी एक्टिव हैं। शिवसेना की स्थापना बालासाहेब ठाकरे ने की थी। हालांकि, 2022 में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बाद चुनाव आयोग ने इसकी कमान एकनाथ शिंदे को दे दी। शिवसेना महाराष्ट्र की राजनीति करती है, जहां लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं। शिवेसना कोटे के कई मंत्री-विधायकों और सांसदों के परिवार स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं।

एनसीपी (अजित)- राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का एक धड़ा हाल ही में अजित गुट के नेतृत्व में टूटकर एनडीए का दामन थामा है। एनसीपी अजित गुट के 9 मंत्री बीजेपी सरकार में शामिल है। अजित महाराष्ट्र के कद्दावर नेता शरद पवार के भतीजे हैं। लोकसभा में हाल ही में सांसद सुप्रिया सुले ने बीजेपी की राजनीति पर सवाल उठाया था। सुप्रिया का कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी पार्टी को नेचुरल करप्ट पार्टी कहा था, लेकिन जिन लोगों पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद के आरोप थे, सभी को आपने अपने साथ ले लिया।

अजित पवार के साथ एनसीपी के धनंजय मुंडे, अदिति तटकरे महाराष्ट्र सरकार में मंत्री हैं। धनंजय कद्दावर नेता गोपीनाथ मुंडे के भतीजे, जबकि अदिती सुनील तटकरे की बेटी है।

अजित पवार के सहारे बीजेपी एनसीपी के वोट बैंक को लोकसभा चुनाव में एनडीए के पाले में शिफ्ट कराना चाहती है। महाराष्ट्र की 25-30 सीटों पर एनसीपी का मजबूत दबदबा है।

जेजेपी- हरियाणा की जननायक जनता पार्टी भी एनडीए गठबंधन में शामिल है। इस पार्टी के मुखिया अजय चौटाला हैं, जो पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के पोते हैं। अजय चौटाला के पिता ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अजय चौटाला के भाई अभय चौटाला अभी विधायक हैं। वहीं अजय के बेटे दुष्यंत अभी हरियाणा सरकार में डिप्टी सीएम हैं। पारिवारिक विवाद के बाद 2019 से पहले जननायक जनता पार्टी का गठन हुआ था। 2019 में जननायक जनता पार्टी हरियाणा की हिसार, जींद और कैथल में शानदार परफॉर्मेंस की बदौलत तीसरी ताकत बनकर उभरी। हरियाणा सरकार में जेजेपी के 3 मंत्री हैं। लोकसभा की 2 सीट पर भी जेजेपी की मजबूत पकड़ है।

लोजपा (आर) और रालोजपा- रामविलास पासवान की पार्टी लोजपा अभी दो गुटों में विभाजित हो चुकी है। पासवान के भाई पशुपति पारस के पास रालोजपा और पासवान के बेटे चिराग के पास लोजपा (आर) की कमान है। दोनों गुट अभी बीजेपी में है।

संसोपा से राजनीतिक करियर की शुरूआत करने वाले रामविलास पासवान जब एनडीए में शामिल हुए थे, तो उस वक्त उनके परिवार के 4 लोग सक्रिय राजनीति में थे। रामचंद्र के निधन के बाद उनके बेटे राजनीति में आ गए हैं।

अभी रालोजपा कोटे से पशुपति कैबिनेट मंत्री और प्रिंस सांसद हैं। लोजपा (आर) से चिराग सांसद हैं। रामविलास पासवान की पत्नी रीना पासवान के भी राजनीति में आने की अटकलें हैं।

बिहार और झारखंड की राजनीति में लोजपा का विशेष दबदबा रहा है। पार्टी को 2019 में लोकसभा की 6 सीटों पर जीत मिली थी।

हम (से)- जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा भी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। मांझी बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2015 में जेडीयू से अलग होने के बाद उन्होंने 2015 में खुद की पार्टी का गठन किया था।

जीतन राम मांझी की पार्टी में भी उनके परिवार वालों का दबदबा है। मांझी के बेटे संतोष सुमन पार्टी के आधिकारिक मुखिया हैं। वे नीतीश सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। मांझी के समधन भी पार्टी सिंबल से विधायक हैं।

जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी भी सोशल मीडिया पर खूब सक्रिय हैं। उनके भी राजनीति में आने की अटकलें लगती रहती है. हम (से) का बिहार के गया, औरंगाबाद और जमुई जिले में मजबूत पकड़ है। इन जिलों में लोकसभा की कुल 3 सीटें हैं।

एनपीपी- नेशनल पीपुल्स पार्टी भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हैं। एनपीपी के मुखिया कोनराड संगमा अभी मेघालय के मुख्यमंत्री हैं। कोनराड के पिता पीए संगमा देश के दिग्गज नेता थे. पीए संगमा लोकसभा के स्पीकर भी रह चुके हैं। 2012 में बीजेपी के समर्थन से उन्होंने राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ा था। संगमा ने अपनी राजनीतिक करियर की शुरूआत कांग्रेस से की थी। कोनराड की बहन अगाथा संगमा अभी लोकसभा सांसद हैं। अगाथा मनमोहन सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। कोनराड के भाई जेम्स संगमा भी मेघालय सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कोनराड संगमा की पार्टी उत्तर-पूर्व भारत में ज्यादा एक्टिव है, जहां लोकसभा की करीब 25 सीटें हैं। इसमें अधिकांश पर अभी बीजेपी का ही कब्जा है।

अपना दल (एस)- अपना दल (सोनेलाल) के मुखिया अनुप्रिया पटेल हैं, जो मोदी कैबिनेट में मंत्री भी हैं। अनुप्रिया को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता सोनेलाल पटेल उत्तर प्रदेश के कद्दावर राजनेता थे।

राजनीति में अनुप्रिया की मां कृष्णा पटेल, बहन पल्लवी पटेल और पति आशीष पटेल एक्टिव हैं। पल्लवी समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। वहीं आशीष अपना दल (एस) कोटे से योगी सरकार में मंत्री हैं।

अपना दल का उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयागराज, बनारस, बलिया और वाराणसी में मजबूत पकड़ है। यहां के पटेल बिरादरी अपना दल के कोर वोटर माने जाते हैं, जिसकी आबादी यूपी में करीब 6 प्रतिशत है।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं, जिसमें 2 सीटों पर अपना दल को 2019 में जीत मिली थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा 2020 के चुनाव में अपना दल के 13 विधायक जीतकर सदन पहुंचे।

सुभासपा- उत्तर प्रदेश की सुहेलदेव समाज पार्टी हाल ही में एनडीए में शामिल हुई है। सुभासपा के मुखिया ओम प्रकाश राजभर हैं, जो अभी विधानसभा के सदस्य हैं। सुभासपा राजभर और अति पिछड़े समुदाय के मुद्दों पर राजनीति करती है। ओम प्रकाश राजभर की पार्टी भी परिवारवाद से अछूती नहीं है। ओम प्रकाश के बड़े बेटे अरविंद राजभर दर्जा प्राप्त मंत्री रह चुके हैं। अभी पार्टी के प्रधान महासचिव हैं। उनके छोटे बेटे अरुण राजभर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता हैं। ओम प्रकाश राजभर की पार्टी वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, बलिया और आजमगढ़ में काफी एक्टिव है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सुभासपा के अभी 6 विधायक हैं।

निषाद पार्टी- संजय निषाद की निषाद पार्टी भी बीजेपी गठबंधन का हिस्सा है। यह पार्टी यूपी की कुशीनगर, गोरखपुर, महाराजगंज और संतकबीरनगर में खासे-सक्रिय है। निषाद पार्टी में भी परिवारवाद का दबदबा है। खुद संजय निषाद अभी योगी सरकार में मंत्री हैं। उनके बेटे प्रवीण निषाद बीजेपी सिंबल पर संतकबीरनगर से सांसद हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में निषाद पार्टी के अभी 6 विधायक हैं।

निषाद पार्टी 2018 में पहली बार सुर्खियों में आई थी। उस वक्त योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर सीट पर उपचुनाव होने थे। निषाद पार्टी के प्रवीण ने बीजेपी उम्मीदवार को भारी मतों से हरा दिया था।

**इन पार्टियों में भी परिवारवाद हावी**

एनडीए के तमिल मनीला कांग्रेस भी परिवारवाद से उपजी पार्टी है। तमिल मनीला कांग्रेस के अध्यक्ष जीके वासन कद्दावर नेता जीके मूपनार के बेटे हैं। नगा पीपुल्स फ्रंट पार्टी में भी परिवारवाद का दबदबा है। पार्टी के अध्यक्ष नेफ्यू रियो खुद मुख्यमंत्री हैं। उनके भाई झेलियो रियो भी नगालैंड सरकार में मंत्री रह चुके हैं। तो परिवारवाद एवं वंशवाद का ये है सच।

**(इस लेख में लेखक ने अपने निजी विचार व्यक्त किए हैं। लेख में प्रस्तुत किसी भी विचार एवं जानकारी के प्रति उदय उत्तर उत्तरदायी नहीं है।)**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# चुनावी भ्रष्टाचार में डुबकी नहीं लगाएंगे गडकरी

**बाल मुकुन्द ओझा**



केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का चुनावी खर्च को लेकर यह बयान स्वागत योग्य है की वे चुनाव में भ्रष्ट आचरण नहीं करेंगेए चाहे चुनाव जीते या हारे। उन्होंने कहा कि मैंने इस बार लोकसभा के लिए तय कर लिया है कि पोस्टर और बैनर नहीं लगाऊंगा। चाय.पानी नहीं करूंगा। वोट देना है दोए नहीं देना है तो मत दो। प्रमाणिक तौर पर सेवा करूंगा। कोई माल.पानी नहीं मिलेगाए लक्ष्मी दर्शन नहीं। देसी.विदेशी नहीं मिलेगा। मैंने पैसा खाया नहीं है तो तुमको भी खाने नहीं दूंगा। नितिन गडकरी नागपुर से भाजपा के लोकसभा सदस्य है और अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते है। गडकरी पर कोई आरोप भी नहीं है। वे अपना काम बिना ढोल ढमाके के करते है। देश की साफ सुथरी राजमार्गीय सड़कें उनकी देन है।

यह हर भारतीय बहुत अच्छी तरह जानता और समझता है की चुनावों में राजनैतिक पार्टियां और उम्मीदवार प्रचार प्रसार पर बेहताशा धन खर्च करते है। वोटरों को लुभाने के लिए साधन सुविधा सुलभ करते है जिसमें काळा धन का जमकर उपयोग होता है। भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व की अनुभूति होती है। मगर लोकतान्त्रिक संस्थाओं के चुनावों ने हमारे इस गर्व को चूर चूर करके रख दिया है। इसका एक बड़ा कारण इन चुनाव में काले धन के बेहताशा खर्च पर है। भारत चुनाव आयोग की लाख चेष्टाओं के बाद भी चुनावों में बेहिसाबी धन के खर्चे पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। यह धन सफेद और काला दोनों है। चुनाव सुधार की बातें हम एक अरसे से सुनते आये है मगर यह सुधार कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया है। चुनाव में काला धन खर्च कर जीतने वाला प्रत्याशी अपने धन की उगाही में सदा सर्वदा जुटा रहता है। उसे अपने अगले चुनाव की चिंता सताए रहती है। भारत में गैरकानूनी तरीके से कमाए गए काले धन को कई तरह से ठिकाने लगाया जाता है जिसमें जमीन जायदाद का कारोबार और चुनाव प्रचार जैसे तरीके भी शामिल हैं। चुनाव में पैसा और दारू के अनुचित प्रयोग के साथ गरीब मतदाताओं के वोट खरीदना आम बात हो गयी है।

भारत की 60 फीसदी आबादी रोजाना 210 रुपये से कम की आमदनी में अपना गुजारा करती है। भारत आर्थिक तौर पर एक विकासशील देश हैए लेकिन चुनावी खर्च के मामले में वह अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कई विकसित देशों को पीछे छोड़ने जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर इस बार 5000 करोड़ रुपए तक खर्च किए जा सकते हैं । आजकल के चुनावों में बेहिसाब अनैतिक खर्च का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1952 में हुए पहले आम चुनाव का खर्च 10 करोड़ से भी कम आया थाए यानी प्रति मतदाता करीब 60 पैसे का खर्च। हालाँकि उस समय यह रकम मामूली नहीं थीए लेकिन गैर.सरकारी आँकड़ों के मुताबिक आज विभिन्न दलों की ओर से 50.55 करोड़ रुपए मात्र एक संसदीय सीट में बहा दिए जाते हैं।

शुरू के कुछ आम चुनावों तक दिग्गज उम्मीदवार भी बैलगाड़ियोंए साइकलोंए ट्रैक्टरों पर प्रचार करते थे। उम्मीदवार की आर्थिक मदद खुद कार्यकर्ता किया करते थे। लेकिन आज के नेता हेलिकॉप्टरों या निजी विमानों से सीधे रैलियों में उतरते हैं और करोड़ों रुपए खर्च करके लाखों लोगों की भीड़ जुटाते हैं। उस समय पैदल यात्रा का भी अपना आकर्षण था। समाजवादी और साम्यवादी नेता साईकिल और बैलगाड़ियों पर संपर्क करते थे। समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया को अपने उम्मीदवारों का प्रचार बैलगाड़ी पर करते देखा जा सकता था। सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के पास अवश्य कार देखी जा सकती थी। नेता अपनी गांठ से खाना खाते थे अथवा किसी कार्यकर्ता के यहाँ विश्राम कर वहीँ भोजन करते थे। आज किसी बड़े होटल में रुकते है और निजी विमान से प्रचार करते है।

चुनाव नियम के मुताबिक एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 70 लाख से 90 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है।

विधानसभा चुनाव के लिए यह सीमा 28 लाख से 40 लाख रुपए के बीच है। यह खर्च उस राज्य पर भी निर्भर करता है जहाँ से उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है। फिर भी इनका घोषित खर्च वास्तविक खर्च का 10 प्रतिशत भी नहीं बैठता।

बाल मुकुन्द ओझा

# मृत्यु के कितने वर्ष बाद श्राद्ध करना चाहिए

**पंडित हनुजी महाराज**

मृत्यु के कितने वर्ष बाद श्राद्ध करना चाहिए इस प्रश्न को लेकर लोगो के मन मे एक संशय बना रहता हैं, इस लेख के माध्यम से आज हम इसी प्रश्न के ऊतर को जानेंगे। मृत्यु के बाद पितरों के लिए श्राद्ध करने की कोई निश्चित अवधि नहीं है। श्राद्ध को पितृ पक्ष के दौरान किया जाता है, जो हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा से शुरू होता है और अश्विन मास की अमावस्या तक चलता है। पितृ पक्ष 16 दिनों का होता है, और इस दौरान प्रत्येक दिन किसी ना किसी मृत व्यक्ति के लिए श्राद्ध किया जा सकता है।



हालांकि, कुछ धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मृत्यु के बाद पहले वर्ष में श्राद्ध करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दौरान पितरों को अपने परिवार से सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसलिए, मृत्यु के बाद पहले वर्ष में हर महीने श्राद्ध करना चाहिए।

दूसरे वर्ष से, श्राद्ध को साल में एक बार, पितृ पक्ष के दौरान किया जा सकता है। इस दौरान मृत व्यक्ति की मृत्यु की तिथि पर श्राद्ध किया जाता है।

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु की तिथि ज्ञात न हो, तो मृत्यु के बाद पहले वर्ष में हर महीने श्राद्ध करना चाहिए। दूसरे वर्ष से, प्रतिपदा, पंचमी, नवमी और एकादशी को श्राद्ध किया जा सकता है।

श्राद्ध करने से मृत व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है और वह मोक्ष प्राप्त कर सकता है। इसलिए, अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध करना बहुत महत्वपूर्ण होता है।

यहां कुछ महत्वपूर्ण बातें दी गई हैं जिनका ध्यान रखना चाहिए जब आप अपने पितरों के लिए श्राद्ध कर रहे होंः

1. श्राद्ध को हमेशा पितृ पक्ष के दौरान करना चाहिए।
2. श्राद्ध को मृत व्यक्ति की मृत्यु की तिथि पर करना चाहिए।
3. श्राद्ध में मृत व्यक्ति को पसंद के भोजन और पेय पदार्थ अर्पित करने चाहिए।
4. श्राद्ध में मृत व्यक्ति के लिए दान करना चाहिए।
5. श्राद्ध के बाद मृत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।

श्राद्ध कब नहीं करना चाहिए?

पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध करना बहुत महत्वपूर्ण होता है, लेकिन कुछ ऐसे दिन होते हैं जब श्राद्ध करना वर्जित होता है। इन दिनों में श्राद्ध करने से पितरों को अपमान होता है और वे नाराज हो सकते हैं।

श्राद्ध कब नहीं करना चाहिए, इस बारे में कुछ धार्मिक मान्यताएं इस प्रकार हैंः

पितृ पक्ष की अमावस्या के दिन श्राद्ध नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पितरों का स्वर्गवास होता है।

चतुर्दशी तिथि पर श्राद्ध नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा क्षीण होता है, और इस दौरान श्राद्ध करने से पितरों को लाभ नहीं मिलता है।

रविवार, मंगलवार और गुरुवार को श्राद्ध नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इन दिनों में श्राद्ध करने से पितरों को कष्ट होता है।

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु एकादशी, द्वादशी या त्रयोदशी तिथि को हुई हो, तो उस दिन श्राद्ध नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इन दिनों में श्राद्ध करने से पितरों को शांति नहीं मिलती है।

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु एकादशी, द्वादशी या त्रयोदशी तिथि को हुई हो, और उस दिन श्राद्ध करना आवश्यक हो, तो उस दिन श्राद्ध करने के बाद पितरों को गाय का दूध पिलाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे पितरों को शांति मिलती है।

पितरों को जल देने का अधिकार

हिंदू धर्म में, पितरों को जल देने का अधिकार उनके वंशजों को होता है। पितरों को जल देने वाले व्यक्ति को श्राद्धकर्ता कहा जाता है। श्राद्धकर्ता आमतौर पर मृत व्यक्ति का पुत्र, पुत्री, पौत्र, या नाती होता है। पितरों को जल देने के लिए किसी विशेष योग्यता या पात्रता की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी व्यक्ति जो मृत व्यक्ति का वंशज है, वह उसे जल दे सकता है। हालांकि, शास्त्रों के अनुसार, पिता का श्राद्ध पुत्र को ही करना चाहिए।

पितरों को जल देने की विधि इस प्रकार हैः

श्राद्धकर्ता को स्नान करके स्वच्छ वस्त्रों में पितृ पक्ष के दौरान किसी पवित्र नदी या सरोवर के किनारे जाना चाहिए।

वह एक थाली में जल, कुश, तिल, और चावल लेकर पितरों को याद करते हुए जप करता है।

वह जल को पितरों की ओर उंडेलता है, और कुश और तिल को जल में डालता है।

वह श्राद्ध में पितरों को प्रसाद और दान भी देता है।।

घर में पितरों का स्थान कहाँ होना चाहिए? हिंदू धर्म में, पितरों को दक्षिण दिशा का स्वामी माना जाता है। इसलिए, घर में पितरों का स्थान दक्षिण दिशा में होना चाहिए। दक्षिण दिशा को यम की दिशा भी माना जाता है, जो मृत्यु और पुनर्जन्म का देवता है। पितरों को दक्षिण दिशा में रखने से उन्हें उनके पूर्वजों के पास जाने के लिए एक सीधा मार्ग मिलता है। घर में पितरों का स्थान निम्नलिखित प्रकार से हो सकता हैः

घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में एक अलग कमरा

घर के दक्षिणी दीवार पर एक अलमारी या शेल्फ

घर के दक्षिणी प्रवेश द्वार के पास एक दीवार

पितरों की तस्वीर या चित्र को दक्षिण दिशा में रखा जाना चाहिए, और उनका मुंह दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। पितरों की तस्वीर या चित्र को किसी भी ऐसी जगह पर नहीं रखा जाना चाहिए जो अशुद्ध या अपवित्र हो। घर में पितरों का स्थान बनाने के लिए कुछ वास्तु शास्त्र के नियमों का भी पालन किया जाना चाहिए। इन नियमों में शामिल हैं

पितरों का स्थान घर के बीच में नहीं होना चाहिए।

पितरों का स्थान ऐसे स्थान पर नहीं होना चाहिए जहां से उन्हें सीधे घर में प्रवेश करते या छोड़ते समय देखा जा सके।

पितरों का स्थान ऐसे स्थान पर नहीं होना चाहिए जहां से उन्हें शौचालय या स्नानघर दिखाई दे।

पितरों का स्थान ऐसे स्थान पर नहीं होना चाहिए जहां से उन्हें घर के सदस्यों का उठना-बैठना दिखाई दे।

पितरों को कितनी बार जल देना चाहिए?

हिंदू धर्म में, पितरों को श्राद्ध के रूप में जल देने की प्रथा है। श्राद्ध को पितृ पक्ष के दौरान किया जाता है, जो हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा से शुरू होता है और अश्विन मास की अमावस्या तक चलता है। पितृ पक्ष 16 दिनों का होता है, और इस दौरान प्रत्येक दिन किसी ना किसी मृत व्यक्ति के लिए श्राद्ध किया जा सकता है।

पितरों को जल देने के लिए कोई निश्चित संख्या नहीं है। कुछ लोग हर दिन पितरों को जल देते हैं, जबकि अन्य लोग केवल पितृ पक्ष के दौरान ही जल देते हैं। पितरों को जल देने की आवृत्ति व्यक्ति की धार्मिक मान्यताओं और व्यक्तिगत पसंद पर निर्भर करती है। हालांकि, कुछ धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितरों को मृत्यु के बाद पहले वर्ष में हर महीने जल देना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इस दौरान पितरों को अपने परिवार से सबसे ज्यादा जरूरत होती है। मृत्यु के बाद पहले वर्ष में हर महीने जल देने से पितरों को शांति मिलती है और वह मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं।

दूसरे वर्ष से, श्राद्ध को साल में एक बार, पितृ पक्ष के दौरान किया जा सकता है। इस दौरान मृत व्यक्ति की मृत्यु की तिथि पर श्राद्ध किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु की तिथि ज्ञात न हो, तो मृत्यु के बाद पहले वर्ष में हर महीने श्राद्ध करना चाहिए। दूसरे वर्ष से, प्रतिपदा, पंचमी, नवमी और एकादशी को श्राद्ध किया जा सकता है।

ये नहीं कि एक साल के बाद ही पितरों का श्राद्ध करना है। जब घर में विवाह होता है तो पितरों के निमित्त सबसे पहले भोजन या मिठाई निकालते हैं। उसके बाद ही सब कार्य शुरू किए जाते हैं।

# स्वच्छता में शामिल हो बनायें जन आन्दोलन: आरके पटेल

## मंडलायुक्त-डीएम आदि ने लिया हिस्सा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़े में सामूहिक रूप से एकता व दृढ़ संकल्प दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता आवाहन से प्रेरित होकर सांसद आरके सिंह पटेल, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता समेत राष्ट्रव्यापी अभियान में शिवरामपुर गांव व रामघाट में सफाई अभियान में हिस्सा लिया।
रविवार को जिले के तहसील, ब्लाक व गांवों में जनप्रतिनिधियों एवं विभागों के विभागाध्यक्ष व कर्मचारियों ने अभियान में सहभागिता निभाई। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि गांव-गली, पड़ोस, पार्क, नदी, झील या अन्य सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर इस जन आंदोलन को सफल बनायें।
मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने शिवरामपुर रेलवे स्टेशन के पास सफाई अभियान में स्टेशन मास्टर से कहा कि आसपास की सफाई दुरुस्त रखें। स्टेशन का लुक अच्छा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गली- मोहल्लों के कचरा संवेदनशील स्थलों को साफ रखें। बदलाव लाने को जन आंदोलन को समर्पण एवं शक्ति से जनसहभागिता जरूरी है। सांसद ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मौजूद अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, खंड विकास अधिकारी आस्था पांडे, राजकुमार त्रिपाठी, श्रवण पटेल, शिवाकान्त, प्रधान प्रमोद जयसवाल समेत जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# भव्य-दिव्य रामलीला को चेयरमैन ने कसी कमर

## अगले वर्ष से होगी प्रान्तीयकृत रामलीला



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रामलीला भवन में नगर के व्यापारियों व रामलीला प्रेमियों ने नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया कि इस वर्ष की रामलीला को भव्य एवं दिव्य बनाया जायेगा।
शनिवार को देर शाम रामलीला भवन में हुई बैठक में संचालन समिति गठित की गई। रामलीला में सहयोग करने वाले पुराने साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। तय हुआ कि इस बार रामलीला छह से 24 अक्टूबर तक कराई जाएगी। रामलीला में जन सहयोग को लोगों ने बढ़-चढ़कर दान देने की घोषणा की। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की पहचान है। इसके आयोजन से हमें राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। रामलीला पूर्णतया भक्तिभाव से की जाएगी। कोई भी अव्यवस्था नहीं होगी। रामलीला के प्रचार-प्रसार को पत्रकार शंकर यादव व रतन पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका के वरिष्ठ कर्मचारियों को व्यवस्था में सहयोग करने को नामित किया। रामलीला आयोजन में वरिष्ठ रामलीला संचालन के अगुवा बसंतराव गोरे, महेंद्र अग्रवाल, विजय मिश्रा की अगुवाई में रामलीला भव्य एवं दिव्य होगी। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला को प्रांतीयकृत करने के प्रयास जारी हैं। इस वर्ष नगरवासियों के सहयोग से रामलीला कराई जाएगी। अगले आयोजन में सरकार से आर्थिक मदद मिलने की उम्मीद जताई। रामलीला की सांस्कृतिक परंपरा को गौरव एवं वैभवशाली बनाने को नगर पालिका परिषद प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शहर में विशाल रामदल गाजे-बाजे के साथ निकाला जाएगा। नगरवासियों से बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की। रामलीला मंच की साज-सज्जा व टेंट व्यवस्था की जिम्मेदारी श्याम ट्रेडर्स के मालिक राजेश भाई को सौंपी गई। बैठक में वरिष्ठ व्यापारी/समाजसेवी विवेक अग्रवाल, बाला प्रसाद केसरवानी, रामसागर चतुर्वेदी, योगेश जैन, राजीव श्रीवास्तव, इदरीश, जयशंकर मिश्रा, सुनील महाराज, अशोक गुप्ता, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, विजय मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, रतन पटेल, अभिषेक मिश्रा, किशन श्रीवास्तव, नरेश केसरवानी, राकेश केसरवानी, वार्ड मेम्बर शैलेंद्र सोनी, शंकर यादव, विनीत पयासी, शुभम केशरवानी, राजा साहू, ओमकार यादव, बद्री व नगर पालिका के ईओ लालजी यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, अशरफ खान, रवि, ज्ञानेंद्र, कौशल, राजेंद्र राम, ज्ञानचंद गुप्ता, छोटा गुप्ता, जितेंद्र केसरवानी, अंकित केसरवानी, रामनरेश अग्रहरि उर्फ बवाली भाई, हरे कृष्णा सोनी, देवेंद्र उर्फ कल्लू केसरवानी, नीटू दादा, अब्दुल अहमद, आमिर खान, अंकित केसरवानी, सुनील जायसवाल, श्रवण गुप्ता, अभिषेक लंबरदार, अशोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में हुई साफ-सफाई



**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मानिकपुर नगर पंचायत चेयरमैन रानी देवी व ईओ भरत सिंह तथा पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी ने नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कर श्रमदान किया।
रविवार को नगर पंचायत मानिकपुर के वार्डों में नगर पंचायत चेयरमैन रानी देवी व पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी ने सेवा पखवाडा के तहत स्वच्छता भारत मिशन के निर्देश पर बडे पैमाने पर सफाई अभियान किया। शासकीय कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की। इसमें क्षेत्र के लोगों की सहभागिता भी रही।
इस मौके पर ब्रांड एम्बेसडर अनुज हनुमत आदि ने भी सफाई अभियान में सहयोग किया। पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी ने नगर क्षेत्र की जनता से अपील किया कि सभी लोग श्रमदान कर साफ-सफाई करते रहें, ताकि नगर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे।

## स्वच्छता के प्रति सभी लोग हों जागरूक: ईओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेवा पखवाड़े में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में ४४वां स्वच्छता अभियान चलाया।
रविवार को स्वच्छता अभियान में नगर पालिका ईओ लालजी यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था स्वच्छता ही सेवा है। स्वच्छता के प्रति आम जनता को जागरूक होना चाहिए। भारत सरकार के जितने भी स्वच्छता के कार्यक्रम चल रहे हैं, सब जनजागरूकता के लिए हैं। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन का सपना गांधी ने देखा था। मोदी की अगुवाई में पूरे भारत में स्वच्छता अभियान जारी है। पूरे भारत ने देखा है कि मोदी खुद अपने हाथों से जन जागरूकता को कचरे को उठाकर डिब्बे में डाल रहे हैं।

# पहलवानों के दांवपेंच देख लोग हुए दंग

## जनप्रतिनिधियों ने दंगल का उठाया लुत्फ



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के गढ़चपा गांव में हुए दंगल में पहलवानों ने एक से बढकर एक दांवपेंच दिखाये। पहलवानों के दांवपेंच देखकर लोगों ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली।
शनिवार को देर शाम तक हुए दंगल के आयोजन में अतिथियों का अभिनन्दन अर्जुन सिंह बघेल ने किया। मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, सांसद आरके सिंह पटेल के सुपुत्र सुनील सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा-चित्रकूट के कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल आदि ने पहलवानों के हाथ मिलाकर दंगल की शुरूवात कराई। दंगल में एक से बढकर एक पहलवानों ने दांवपेंच दिखाये। पहलवानों के दांवपेंच देखकर ग्रामीण व दर्शक दंग रह गये।
इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला महामंत्री तीरथ तिवारी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, राममिलन द्विवेदी, अपना दल यस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज सिंह पटेल, गांव क्षेत्र के ग्रामीणों ने पहलवानों को पुरस्कृत किया। ये जानकारी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य/प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह ने दी।

## हादसे में युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अशोक चैराहा में सुरजी पुरवा के पास हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई।
ये हादसा रविवार को दोपहर में हुआ। बताया गया कि प्रयागराज की ओर से तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की मोटरबाइक से आमने-सामने टक्कर होने से बाइक सवार दिवाकर गोस्वामी पुत्र सूर्यनाथ गोस्वामी वार्ड नंबर नौ ग्राम घुसुरुम पोस्ट गढी तहसील त्यौंथर जिला रीवा मप्र की मौके पर मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## गांधी को दी स्वच्छांजलि

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** एक घंटा एक तारीख कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत मऊ में रविवार को सवेरे दस बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक स्वच्छता को श्रमदान किया। रविवार को महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि देने को एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी, ईओ बीके गौतम, नगर पंचायत मऊ के लिपिक शिवप्रसाद प्रजापति समेत सभी वार्ड मेम्बर व नगर पंचायत मऊ के कर्मचारी मौजूद रहे।

## मऊ पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अक्षीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने मारपीट व छेडछाड तथा पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट के वारंटी छेदीलाल पटेल उर्फ जानकी पुत्र मंझा उर्फ फूलचन्द्र पटेल निवासी पोखरी पुरवा लबेद खंडेहा व हुबलाल उर्फ हुब्बा पुत्र भोरेलाल निवासी खंडेहा तथा वारंटी शारदा प्रसाद उर्फ भुरई पुत्र लालादीन निवासी चकवा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा बालकिशुन व सिपाही नागेश शामिल रहे।

## सीएम से की जिले के विकास की चर्चा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेटकर जिले के विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री को योगी आदित्यनाथ को चित्रकूट आने का निमंत्रण दिया।
विगत दिवस सूबे के मुख्यमंत्री से जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने लखनऊ जाकर भेंट की। भेंट में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से जिले के विकास को प्राथमिकता देने पर आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि सूबे में शासकीय योजनाओं से सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को चित्रकूट आने का आमंत्रण दिया। कहा कि चित्रकूट आकर जिले में बाईपास बनवाने की योजना शीघ्र लागू करायें, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो सके।

# उपभोक्ताओं को दें सुविधायें: नरेन्द्र

## आईडीबीआई का स्थापना दिवस मना



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित आईडीबीआई बैंक का 60वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बैंक उपभोक्ताओं की सुविधाओं का ख्याल रखने पर जोर दिया गया।
रविवार को शहर के सिविल लाइन स्थित आईडीबीआई शाखा परिसर में स्थापना दिवस समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनायें चला रही है। इनकी जानकारी बैंकों से भी दी जाती है। ऐसे में पात्रता अनुसार सभी लोग योजनाओं का लाभ उठायें। शाखा प्रबंधक रूचिर कृष्णा ने कहा कि स्थापना दिवस पर बैंक के सभी कर्मचारी व अधिकारी संकल्प लें कि बैंक उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ निष्पक्षता व पारदर्शिता से खाताधारकों को दें। शाखा में आने वाले ग्राहक संतुष्ट हों, तभी उनका बैंक पर विश्वास कायम रहेगा। बैंक कारोबार में बढ़ोत्तरी को उपभोक्ताओं का सहयोग अमूल्य होता है। इस मौके पर प्रबंधक सुनील मिश्रा, प्रबंधक शिवप्रकाश, सहायक प्रबंधक सुधीन्द्र त्रिपाठी, आफिसर शिवम अग्रहरि, वरिष्ठ अधिवक्ता बुआराम शुक्ला व सुनील केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## कोतवाली कर्वी पुलिस ने चोरी के चैनल-बाइक समेत चोर दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी जिला कारागार राजीव कुमार सिंह की टीम ने दो चोरों के कब्जे से चोरी के डीजे का जरनेटर उतारने/चढ़ाने वाले लोहे के चैनल, घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है।
ज्ञात है कि 28 सितम्बर को चकौंध गांव के बसंतलाल मौर्य पुत्र छत्रपाल ने कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई कि अमित शुक्ला पुत्र अशोक निवासी पचोखर थाना पहाड़ी व शैलेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी अशोह ने डीजे का जनरेटर को उतारने/चढ़ाने वाले लोहे के चैनल चुरा ले गये हैं। टीयूवी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया है। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना चैकी प्रभारी जिला कारागार राजीव कुमार सिंह को सौंपी। चैकी प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर अमित शुक्ला व शैलेन्द्र सिंह को डीजे का जनरेटर उतारने/चढ़ाने वाले चैनल व घटना में प्रयुक्त होण्डा की एसपी साइन बिना नम्बर की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी जिला कारागार राजीव कुमार सिंह व सिपाही संजय पाल शामिल रहे।

## एकता दिवस पर हुई विभिन्न परीक्षायें

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में जिले के 17 केन्द्रों में सामान्य ज्ञान, चित्रकला, निबंध व साहित्य रचना की प्रतियोगितायें हुईं। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी प्रमुख केंद्र के रूप में है। लगभग एक हजार बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी केन्द्रों से 12 हजार बच्चों ने सहभागिता की।
रविवार को संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी अध्यापकों ने परीक्षा सफल बनाने में सहयोग किया। साथियों के प्रति आभार जताते हुए चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में परीक्षा प्रभारी फूलचंद चंद्रवंशी, रामबचन सिंह जनसेवा इंटर कॉलेज, दिनेश सिंह पोद्दार इंटर कॉलेज, राजीव पाठक व शैलेंद्र सिंह गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा प्रभारी प्राचार्य बीके चैधरी, रमाकांत पटेल, अरुण श्रीवास्तव, परम विद्या मंदिर शिवरामपुर सीताराम सिंह, भरत मंदिर भरतकूप महेंद्र सिंह, रवि गुप्ता, रतननाथ रसिन, आरएस पटेल पालेश्वर नाथ पहाड़ी, रमाशंकर, धर्मेंद्र सिंह संकट मोचन इंटर कॉलेज बछरन, गोवर्धन सिंह, अरविंद पांडेय तुलसी इंटर कॉलेज राजापुर, कैलाश यागिक, मनीष याज्ञिक गोस्वामी इंटर कॉलेज, संजय यादव, सुंदर सिंह स्मृति इंटर कॉलेज लालता रोड, रजनीश सिंह, रवि गुप्ता त्यागी इंटर कॉलेज ऐंचवारा, श्याम बिहारी, अशोक पठारी संतरीता इंटर कॉलेज मानिकपुर, राकेश पटेल बजरंग इंटर कॉलेज सपहा, मुकेश, कमलेश प्रसाद ने परीक्षा का संचालन किया। आठ अक्टूबर को होने वाली परीक्षा में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। फोटो-

## रैपुरा पुलिस ने हत्यारोपी दो सगे भाइयों को दबोचा, 28 सितम्बर को की थी हत्या




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पांण्डेय की टीम ने गेटापुरवा में हत्या करने वाले दो आरोपियों को दबोचा है।
ज्ञात है कि 28 सितम्बर की रात आठ बजे गेटापुरवा नहर के पास अजय उर्फ पिट्ठू (28) पुत्र ललई निवासी गेटापुरवा मजरा भौंरी की राजकुमार उर्फ कुंअर व फूलचंद उर्फ फुल्लू पुत्र स्व ददुआ निवासी गेटापुरवा ने गला दबाकर मारपीट कर नहर में डुबोकर हत्या कर दी थी। मौके से फरार हो गये थे। घटना बाबत रैपुरा थाने में हत्या व सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज हुआ था।
थानाध्यक्ष रैपुरा की टीम ने आज राजकुमार उर्फ कुंअर पुत्र स्व ददुआ व फूलचंद उर्फ फुल्लू पुत्र स्व ददुआ को गिरफ्तार किया। टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, दरोगा प्रदीप कुमार पाल, सिपाही अजीत यादव व नन्हे यादव शामिल रहे।

# कोचिंग से निकली छात्रा गम्भीर दशा में पुल के नीचे मिली

## दो युवकों के नदी पुल से फेंकने की बात निकली अफवाह- रीढ़ की हड्डी टूटने पर भेजा गया लखनऊ



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** एक छात्रा के कोचिंग सेंटर से अचानक गायब होने पर तलाश शुरू हुई। कुछ देर बाद छात्रा मंदाकिनी नदी पुल के नीचे सीढ़ियों पर गंभीर दशा में पड़ी मिली। परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने रीढ़ की हड्डी टूटने की बात कही। छात्रा को देर रात ग्रीन कॉरिडोर बनाकर चित्रकूट से लखनऊ भेजा गया।
शनिवार को देर शाम हुई इस घटना को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि कोचिंग के बाहर से बाइक सवार दो युवकों ने बेटी को अगवा किया। मारने की गरज से मंदाकिनी नदी पुल से फेंक दिया। पुलिस ने दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज में लड़की अकेले पैदल मंदाकिनी पुल की ओर जाती दिखाई दे रही है। सुसाइड के प्रयास की आशंका है। पुलिस अपहरण व सुसाइड दोनों दिशा में जांच कर रही है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।
सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला की युवती इंटर की छात्रा है। चाचा संजय ने बताया कि भतीजी शनिवार शाम छह बजे भारद्वाज कंप्यूटर कोचिंग में स्कूटी से पढ़ने गई थी। सवा सात बजे क्लास के बाहर बरामदे में रखे वाटर जार से पानी पीने गई थी। इसी बीच अचानक वह गायब हो गई। कोचिंग वाले उसे ढूंढने में जुट गए। सूचना मिलने पर परिजन भी उसे ढूंढने लगे। पुलिस को दी तहरीर में परिजनों ने कहा कि बेटी शनिवार शाम पांच बजे कंप्यूटर कोचिंग गई थी। शाम छह बजे पानी पीने को बाहर आई। इसी बीच कोचिंग के बगल का दुकानदार स्कूटी की सीट फाड़ रहा था। बेटी ने रोका तो दोनों में कहासुनी हुई। बेटी ने कोचिंग संचालक से बदतमीजी व छेड़खानी की शिकायत की। कुछ देर बाद वह घर जाने को गेट पर आई। इसी बीच दो युवक बाइक से बेटी का मुंह दबाकर जबरन बाइक में बैठाकर मंदाकिनी पुल की ओर भागे। मारने की गरज से पुल से धक्का दे दिया। उसे गंभीर चोट है। बेहोशी दशा में वहीं पड़ी रही।

## पुलिस ने पांच वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अक्षीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपी छोटेलाल पुत्र गजराज, राजकुमार पुत्र मातादीन, वादी उर्फ राजा अहमद पुत्र बादल उर्फ समसुल हक, सत्यनारायण रविदास पुत्र स्व चुन्ना, रामकेस पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी गोंडा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा इमरान खान, सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

